www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
29 नवंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही
रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 41

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

# अबुआ सरकार हेमंत चौथी बार

## राज्यपाल ने दिलायी मुख्यमंत्री पद की शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में अबुआ की सरकार बन गयी। हेमंत सोरेन ने गुरुवार को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके बाद राज्यपाल और अन्य अतिथिगणों ने हेमंत सोरेन को बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाथ हिलाकर हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इससे पहले समारोह स्थल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। जिसमें झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आये लोक कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। समारोह में शामिल होने के लिए सुबह से ही भारी संख्या में लोग राज्य के कोने-कोने से पहुंचने लगे थे। रांची की हर सड़क की मंजिल मोहराबादी मैदान की ओर जाते हुए दिख रही थी। सड़कों के किनारे और जगह-जगह गाड़ियां और बसें लगी हुई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी बसों के पहुंचने की सिलसिला जारी था। जितने लोग मोरहाबादी मैदान में थे, उसके कहीं ज्यदा लोग रास्ते पर दिखे। जो देर की वजह से कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच सके थे। शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी स्थित अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित की। इस मौके पर पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। यहां से वह प्रोजेक्ट भवन के लिए रवाना हो गये। प्रोजेक्ट भवन में अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने आवश्यक कार्यों को निपटाया।




### कब-कब रहा हेमंत सोरेन का कार्यकाल

- 13 जुलाई 2013 से 23 दिसंबर 2014
- 29 दिसंबर 2019 से 31 जनवरी 2024
- 4 जुलाई 2024 से 28 नवंबर 2024
- 28 नवंबर 2024 से .........

## शपथ ग्रहण समारोह में जुटे इंडिया गठबंधन के नेता

रांची (आजाद सिपाही)। शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, तेलांगना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश प्रसाद यादव, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, बिहार विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, सीपीआइएमएल के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन, सांसद राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, सांसद राघव चड्ढा के अलावा मुख्यमंत्री की पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल समेत कई सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, वरीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद थे।



## मंजूनाथ भजंत्री फिर बने रांची डीसी



रांची (आजाद सिपाही)। आइएएस अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री रांची के नये डीसी बनाये गये। उन्हें फिर रांची की कमान सौंपी गयी है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा चुनाव से पहले भजंत्री को रांची डीसी से हटाकर जेएसएलपीएस का सीइओ बनाया गया था। उनकी जगह आइएएस वरुण रंजन को रांची डीसी बनाया गया था। कार्मिक विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी करते हुए भजंत्री को फिर से रांची का उपायुक्त बना दिया है। वहीं, वरुण रंजन का तबादला जीडको के प्रबंध निदेशक के पद पर किया गया है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## सीएम ने कार्यभार संभाला, मंईयां सम्मान योजना की राशि दिसंबर से 2500 रुपये

### विधानसभा का विशेष सत्र 9 से 12 दिसंबर

### स्टीफन मरांडी होंगे प्रोटेम स्पीकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शपथ ग्रहण के बाद कार्यभार संभाल लिया है। वह गुरुवार शाम प्रोजेक्ट भवन पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कैबिनेट की बैठक कर अहम फैसले भी लिये। बैठक के बाद हेमंत ने कहा कि विधायकों की शपथ के लिए 9 से 12 दिसंबर तक षष्ठम झारखंड विधान सभा का प्रथम सत्र बुलाने की मंजूरी दी गयी है। वरिष्ठ नेता स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों को दिसंबर से 2500 रुपये प्रतिमाह का भुगतान सुनिश्चित किये जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि बोकारो जिला के चंदनक्यारी प्रखंड स्थित फतेहपुर गांव के निवासी शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो की माता हुलासी देवी को अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में 10 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। इसके साथ शहीद अग्निवीर के भाई बलराम महतो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। हेमंत ने कहा कि केंद्र के पासा बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये की वसूली के लिए विधिक कार्रवाई प्रारम्भ किए जाने का निर्णय लिया गया।



### कैबिनेट के अन्य फैसले

- राज्य की आय में बढ़ोत्तरी के लिए नये स्त्रोत, खनन क्षेत्र में लागू पुराने करों में वृद्धि एवं न्यायिक मामलों में लम्बित वसूली में तीव्रता लाने हेतु वित्त विभाग में एक विशेष कोषांग का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया।
- पुलिस नियुक्ति के लिए भविष्य में होने वाली परीक्षा प्रक्रिया की समीक्षा किये जाने का निर्णय लिया गया।
- सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए जेपीएससी, जेएसएससी तथा अन्य प्राधिकार 01 जनवरी, 2025 के पूर्व परीक्षा कैलेंडर प्रकाशित किये जाने का निर्णय लिया गया।
- असम के चाय बागान में कार्यरत झारखण्ड मूल के जनजातीय समूह की दशा एवं उन्हें भविष्य में दिये जाने वाले सुविधा के अध्ययन के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल एवं पदाधिकारियों का दल असम जाकर जमीनी स्तर पर अध्ययन कर सरकार को अपना प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्णय लिया गया।

YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting
J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614




सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 92,000 रु./प्रति किलो |



# हमें न बांटा जा सकता है, न दबाया, हम झारखंडी हैं, झुकते नहीं

## ■ अबुआ राज का सुनहरा सूर्योदय, हेमंत ने ली शपथ, निभायेंगे अपना धर्म

## ■ पूरे चुनाव के दौरान वह एक ही सूत्रवाक्य पर काम कर रहे थे-आयेगा तो अबुआ राज ही



राकेश सिंह





28 नवंबर और खचाखच भरा मोरहाबादी मैदान, उस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बन गया, जब झारखंड के इतिहास में किसी ने चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। जैसी जीत वैसा ही जश्न। इस जश्न में शामिल होने के लिए रांची ही नहीं झारखंड के कोने-कोने से लोग आये हुए थे। भीड़ इतनी कि लोगों के आने का सिलसिला, शपथ लेने के बाद भी थमा नहीं। ऐसा लग रहा था मानो रांची की सभी सड़कें आज मोरहाबादी मैदान की ओर ही जा रही हों। ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में, ऐतिहासिक क्षण। झारखंड के राज्यपाल श्री संतोष गंगवार ने इंडी गठबंधन के सर्वमान्य नेता हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी। इसी के साथ ही अबुआ सरकार के सिर पर ताज सज गया। इस आयोजन में हेमंत सोरेन ने दिखा दिया कि उनकी लोकप्रियता इंडी गठबंधन में कितनी है। इस आयोजन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, तमिलनाडु के डिप्टी सीएम और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार समेत कई बड़े नेता इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने। मंच पर गांडेय विधायक और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के साथ उनके पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनकी माता रूपी सोरेन भी उपस्थित थीं। हेमंत सोरेन ने यह सम्मान खुद के दम पर हासिल किया है। जब हेमंत सोरेन चुनाव जीतने के बाद दिल्ली गये थे और पीएम मोदी से मुलाकात की थी, तो पीएम ने भी उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

### क्या लड़े हेमंत!

झारखंड का विधानसभा चुनाव बड़ा ही ऐतिहासिक रहा। हेमंत सोरेन के जेल से लेकर सत्ता शीर्ष तक की कहानी, किसी से छिपी नहीं है। जब-जब हेमंत सोरेन के सामने चुनौती आयी, वह हमेशा मजबूत बन कर उभरे। उन्होंने हर बार खुद को साबित किया। लीडर क्या होता है, यह हेमंत सोरेन ने दिखा दिया। हेमंत सोरेन जब जेल में थे, तब भी वह झारखंड की जनता के लिए दिन रात सोच रहे थे। उसका प्रमाण है झारखंड की सबसे सफल योजन, जिसने झारखंड की महिलाओं को एक मंच पर जोड़ दिया। वह है मंईयां सम्मान योजना। जैसे ही पांच महीने बाद हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकले, उन्होंने बिना देर किये मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत कर दी। जिस भाजपा को लग रहा था कि जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन टूट जायेंगे, पस्त हो जायेंगे, लेकिन भाजपा की यह कपोल कल्पना थी। हेमंत सोरेन ने दोगुनी मजबूती के साथ फिर से झारखंड की कमान संभाली।

### कल्पना ने बना डाला झारखंडियत और आदिवासियत की लड़ाई

अब हेमंत सोरेन अकेले नहीं थे। उनके साथ थीं, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन। हेमंत के जेल जाने के बाद कल्पना सोरेन ने जिस तरह से पार्टी को संभाला, उसकी जितनी भी तारीफ की जाये कम है। वह एक ऐसी मिसाल बन गयी है, जिसे झारखंड के लोग अब दशकों तक इसकी मिसाल देंगे कि कैसे एक पत्नी ने अपने पति के स्वाभिमान के लिए, अपने विरोधियों से अकेले ही लोहा ले लिया। गिरिडीह में कल्पना सोरेन पहली बार जब मंच पर आयी थीं, तो उनकी आंखों से आंसू छलके थे। लोकसभा चुनाव के दौरान बहे आंसू, धीरे-धीरे अंगार बन गये। कल्पना ने अपनी और हेमंत सोरेन की लड़ाई को झारखंडियत और आदिवासियत की लड़ाई बना डाला। कल्पना की ललकार ने विरोधियों तक के हौसले पस्त कर दिये। विधानसभा चुनाव के दौरान भी उन्होंने विरोधी दलों के दांत खट्टे करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। एक समय तो ऐसा भी आया, जब विरोधी दल के नेता और खासकर भाजपा के नेताओं ने कल्पना सोरेन पर कटाक्ष करना शुरू कर दिया। लेकिन इससे वह डगमगायी नहीं, खुद के मिशन पर अडिग रहीं।

### आयेगा तो अबुआ राज ही

वहीं हेमंत सोरेन ने एक परिपक्व लीडर की तरह विधानसभा चुनाव को लड़ा। इस पूरे चुनाव के दौरान वह एक ही सूत्रवाक्य पर काम कर रहे थे कि आयेगा तो अबुआ राज ही। चुनाव परिणाम के ठीक पहले जब पहली बार झामुमो ने यह दावा किया कि महागठबंधन 58 सीटों पर जीत दर्ज करेगा, तो सहसा किसी को विश्वास ही नहीं हुआ। उसका एक कारण राष्ट्रीय एजेंसियों का मनगढ़ंत एग्जिटपोल सामने आया, जिसमें अधिकांश ने भाजपा गठबंधन को बहुमत में दिखाया। 23 नवंबर को कहानी पलट गयी और अधिकांश एग्जिट पोल को धता बताते हुए हेमंत सोरेन की अगुवाई वाले महागठबंधन ने इतिहास रच दिया। उसने 56 सीटों पर जीत दर्ज की। दो सीटें वह मात्र दो-से तीन सौ के अंतर से हार गया।

### मानो धरती पुत्र आ गया हो

28 नवंबर को एक नये हेमंत सोरेन का उदय हुआ। जन-जन की आवाज वाले हेमंत का। हेमंत को देखने के लिए मोरहाबादी मैदान में भीड़ बेसुध चली आ रही थी। जैसे ही हेमंत सोरेन मंच पर आये, वैसे ही जो उत्साह जनता में उनके प्रति देखा गया, वह अकल्पनीय था। शोर ऐसा कि मानो झारखंड का धरतीपुत्र आ गया। ऐसा दृश्य शायद ही झारखंड के इतिहास में किसी नेता के लिए देखा गया हो। छात्र नेता से जन-जन के नेता तक का सफर। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि अभी तो यह शुरुआत है। हेमंत सोरेन जिस मजबूती के साथ राजनीति में अपनी धमक प्रस्तुत कर रहे हैं, वह दिन दूर नहीं, जब उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय मंच पर भी मजबूती के साथ पहचान बना लेगी।

### आदिवासी झुकता नहीं

हेमंत सोरेन का मानना है कि 28 नवंबर का दिन, राजनीतिक जीत के बारे में नहीं है, यह दिन सामाजिक न्याय के प्रति संघर्ष, सामाजिक एकता को प्रखर करने की रोज लड़ी जानी वाली लड़ाई को दोहराने का दिन है। यह दिन यह भी बताता है कि लोकतंत्र पर बढ़ते दबाव के बीच झारखंड की महान जनता एक साथ खड़ी रही। आज हर गांव, हर शहर में एक आवाज गूंज रही है, अधिकार, समानता, एकता, यानी झारखंडियत की आवाज। हेमंत कहते हैं, हमारी एकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है। हमें न विभाजित किया जा सकता है, न ही शांत किया जा सकता है। जब-जब कोई हमें पीछे धकेलने की कोशिश करता है, हम निरंतर आगे बढ़ते हैं। जब-जब जो हमें शांत करना चाहते हैं, हमारी हूल, उलगुलान, क्रांति की आवाज और प्रखर होती जाती है क्यूंकि हम झारखंडी हैं, और झारखंडी झुकते नहीं है।

# विरासत, संघर्ष और कौशल के बूते झारखंड की सियासत के टॉप स्कोरर बने हेमंत

शंभु नाथ चौधरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** 28 नवंबर को चौथी बार झारखंड के सीएम की शपथ लेने वाले 49 वर्षीय हेमंत सोरेन सियासत में भले विरासत की उपज हों, लेकिन इसके बाद 21 सालों में उन्होंने अपनी समझ-बूझ, तेवर, संघर्ष और सियासी कौशल की बदौलत अपनी शख्सियत और राजनीतिक करियर को लगातार विस्तार दिया है। उनके पिता शिबू सोरेन के नेतृत्व में झामुमो ने जो राजनीतिक जमीन बनायी, उसे हेमंत सोरेन ने न सिर्फ बखूबी संभाला, बल्कि चुनावी स्कोर बोर्ड पर कई शानदार रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

हेमंत सोरेन का जन्म 10 अगस्त, 1975 को झारखंड के तत्कालीन हजारीबाग जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा गांव में शिबू सोरेन-रूपी सोरेन की तीसरी संतान के रूप में हुआ था। उन दिनों शिबू सोरेन अलग झारखंड राज्य की मांग और लड़ाई को धार देने के लिए नवगठित झामुमो को एक पार्टी के तौर पर स्थापित करने की जद्दोजहद में जुटे थे।

हेमंत सोरेन ने स्कूल की शुरूआती पढ़ाई बोकारो सेक्टर फोर स्थित सेंट्रल स्कूल से की। बाद में उनके पिता बिहार विधानसभा के सदस्य चुने गये तो उनका दाखिला पटना के एमजी हाइस्कूल में करा दिया गया। वहीं से उन्होंने 1990 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। 1994 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई भी उन्होंने पटना में ही की। इसके बाद रांची के बीआइटी (मेसरा) में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया, लेकिन उन्होंने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। राजनीति में उन्होंने 2003 में कदम रखा। इसी साल झामुमो की छात्र इकाई झारखंड छात्र मोर्चा के अध्यक्ष बने। 2005 में उन्होंने दुमका विधानसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा, लेकिन स्टीफान मरांडी ने उन्हें



पराजित कर दिया। मई, 2009 में शिबू सोरेन के बड़े पुत्र और हेमंत सोरेन के बड़े भाई दुर्गा सोरेन का आकस्मिक निधन हो गया। दुर्गा सोरेन को शिबू सोरेन का स्वाभाविक राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जा रहा था। उनके निधन के बाद हेमंत सोरेन शोकसंतप्त पिता के संबल बने। जून, 2009 में उन्हें झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से राज्यसभा भेजा गया। इसी साल हुए विधानसभा चुनाव में वह दुमका सीट से विधायक चुने गये और इसके बाद राज्यसभा से त्यागपत्र दे दिया। बड़े पुत्र के निधन से मानसिक तौर पर आहत हुए शिबू सोरेन ने 2009-10 में हेमंत सोरेन को झामुमो में अपने उत्तराधिकारी के तौर पर स्थापित करने की कोशिश शुरू कर दी थी। शिबू सोरेन के लिए हेमंत सोरेन का विरासत हस्तांतरित करना बड़ी चुनौती थी, क्योंकि पार्टी में उनके समकालीन स्टीफन मरांडी, साइमन मरांडी और चंपई सोरेन जैसे कई बड़े नेता मौजूद थे। इन नेताओं के बजाय जब हेमंत सोरेन को नेतृत्व की कमान सौंपने का थोड़ा-बहुत आंतरिक विरोध हुआ, लेकिन अंततः शिबू सोरेन अपनी कोशिश में सफल रहे। 2010 के सितंबर में भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मिलकर झारखंड में सरकार बनायी। भाजपा के अर्जुन मुंडा सीएम बने और झामुमो के हेमंत सोरेन को डिप्टी सीएम की कुर्सी मिली। वह जनवरी 2013 तक इस पद पर बने रहे। हेमंत सोरेन ने पहला बड़ा सियासी दांव जनवरी, 2013 में खेला। उन्होंने सीएम अर्जुन मुंडा पर स्थानीय नीति और कई अन्य मुद्दों पर निर्णय न लेने का आरोप लगाते हुए उनकी सरकार से झामुमो का समर्थन वापस ले लिया। अर्जुन मुंडा की सरकार गिर गयी। राज्य में करीब छह महीने तक राष्ट्रपति शासन रहा। इसके बाद कांग्रेस, राजद और झामुमो ने राज्य में सरकार बनायी। हेमंत सोरेन ने पहली बार जुलाई 2013 में झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

सीएम के तौर हेमंत का पहला कार्यकाल करीब 17 महीने का रहा। 2014 के विधानसभा चुनाव में हार हुई और उन्हें सीएम की कुर्सी गंवानी पड़ी। झारखंड मुक्ति मोर्चा को इस चुनाव में 19 सीटें मिलीं, जो 2009 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले मात्र एक ज्यादा थी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष के तौर पर हेमंत सोरेन ने अपने सियासी व्यक्तित्व को नयी धार दी। राज्य की तत्कालीन रघुवर दास सरकार के खिलाफ उन्होंने कई मुद्दे खड़े गये। खास तौर पर झारखंड में जमीन से जुड़े सीएनटी-एसपीटी कानून में रघुवर सरकार की ओर से संशोधन को वह आदिवासियों की अस्मिता के सवाल से जोड़ने में कामयाब रहे। उन्हें इस मुद्दे पर आदिवासी समाज का व्यापक समर्थन मिला। उन्होंने सोशल मीडिया का भी बेहतर इस्तेमाल किया। 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और राजद के साथ अपनी पार्टी का गठबंधन किया। इस गठबंधन ने कुल 47 सीटों पर जीत दर्ज कर रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया। फिर, 29 दिसंबर, 2019 को हेमंत सोरेन ने दूसरी बार सीएम पद की शपथ ली।

सीएम के तौर पर 2019 से 2024 के कार्यकाल के दौरान हेमंत सोरेन खनन लीज, खनन घोटाला, जमीन घोटाला जैसे तथाकथित आरोपों से घिरे। तीखे राजनीतिक हमलों और कानूनी मोर्चों पर कठिन लड़ाई के बावजूद वह सरकार चलाने के रास्ते में आये तमाम अवरोधों को लांघने में सफल रहे। 31 जनवरी, 2024 को इडी ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल भेजा तो पांच महीनों के लिए सीएम की कुर्सी छोड़नी पड़ी, लेकिन जेल में रहते हुए उनकी छवि संघर्षशील नेता के रूप में और निखरी। जेल जाने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन का सियासी तौर पर उभार हुआ और दोनों की जोड़ी ने इस बार चुनावी लड़ाई में अब तक का शानदार स्कोर खड़ा कर दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.8 °c | 12.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.01 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.11 बजे |



# अबुआ सरकार का शपथ ग्रहण समारोह



मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके साथ हैं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सर्टिफिकेट देते राज्यपाल संतोष गंगवार।



राज्यपाल संतोष गंगवार का स्वागत करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।




राज्यपाल संतोष गंगवार ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन एवं मुख्यमंत्री की माता रूपी सोरेन की कुशलक्षेम पूछी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी राज्यपाल के साथ थे।




मंच पर राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलते राज्यपाल साथ में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।



शपथ ग्रहण के बाद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।





बिरसा चौक, रांची में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा- सुमन अर्पित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, साथ में कल्पना सोरेन।

## शपथ ग्रहण से पहले हेमंत सोरेन ने पिता शिबू सोरेन और मां रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने से पहले उन्होंने अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया।

साथ ही उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और माता रूपी सोरेन के साथ वाली फोटो भी साझा की और कहा 'अबुआ सरकार के शपथ ग्रहण से पहले आदरणीय बाबा दिशोम गुरुजी और मां का आशीर्वाद लिया।

## पांच साल चलेगी हेमंत सोरेन सरकार : तेजस्वी



बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बन रही है और यह सरकार पांच साल चलेगी।

## हेमंत को शुभकामनाएं: उदयनिधि स्टालिन




तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने रांची पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु सरकार और हमारे मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुभकामनाएं देता हूं।

## मैं जनता का बहुत आभार प्रकट करता हूं: अखिलेश



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव हेमंत सोरेन के शपथ समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जिस जनता ने हेमंत सोरेन जी को चुनर दोबारा सरकार बनायी है। मैं उस जनता का बहुत आभार प्रकट करता हूं। जनता ने हेमंत सोरेन और इंडिया गठबंधन को एक बार फिर मौका दिया है। देश के लिए झारखंड का परिणाम बहुत ही शुभ रहा।

नालको NALCO
नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
नालको भवन, प्लाट सं. पी/1, नयापल्ली, भुवनेश्वर - 751013, (ओड़िशा)
सीआईएन : L27203OR1981GOI000920
एक नवरत्न कम्पनी
विज्ञापन संख्या 10240501
रेलवे परिचालन समन्वयक की आवश्यकता
नालको, खान मंत्रालय, भारत सरकार के तहत सार्वजनिक क्षेत्र का एक नवरत्न लोक उद्यम है, जो दो वर्ष की अवधि के लिए समेकित मासिक पारिश्रमिक के आधार पर रेलवे परिचालन समन्वयक (खुर्दा रोड डिवीजन) की तलाश कर रहा है। इच्छुक उम्मीदवार कंपनी की वेबसाइट www.nalcoindia.com के कैरियर अनुभाग पर विवरण देख सकते हैं।
महाप्रबंधक (मा.सं. व प्रशासन) - भर्ती




आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 29 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## शपथ लेने से पहले हेमंत सोरेन ने की दिल की बात

# संघर्ष जारी रहेगा : मुख्यमंत्री

**सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा - जोहार साथियों, आज का दिन ऐतिहासिक है, अबुआ सरकार के लिए हर एक झारखंडी को बधाई**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन ने गुरुवार को चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी। लेकिन उससे पहले हेमंत सोरेन ने अपने दिल की बात कही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा है कि जोहार साथियों, आज का दिन ऐतिहासिक है-एक ऐसा दिन जो हमारे सामूहिक संघर्ष, प्रेम-भाईचारे की भावना और न्याय के प्रति हम झारखंडियों के प्रतिबद्धता को और मजबूत करता। झारखंड की महान धरा ने हमेशा से विरोध और संघर्ष को जन्म दिया है और झामुमो-भगवान बिरसा, भगवान सिदो-कान्हू, अमर शहीद तेलंगा खड़िया, फूलो-झानो, पोटो हो, शेख भिखारी समेत अनगिनत वीरों के संघर्षों से भरी उसी विरासत को समेटे हर दिन आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि आज का यह दिन राजनीतिक जीत के बारे में नहीं है, आज का यह दिन हमारी सामाजिक न्याय के प्रति संघर्ष, सामाजिक एकता को प्रखर करने की हर रोज लड़ी जानी वाली लड़ाई को दोहराने का दिन है। आज का यह दिन यह भी बताता है की लोकतंत्र पर बढ़ते दबाव के बीच झारखंड की महान जनता एक साथ खड़ी है। आज हर गांव, हर शहर में एक आवाज गूंज रही है - अधिकार, समानता, एकता मतलब झारखंडियत की आवाज। इसमें कोई संदेह न रखें - हमारी एकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है। हमें न विभाजित किया जा सकता है, न ही शांत किया जा सकता है। जब-जब वे हमें पीछे धकेलते हैं, हम आगे बढ़ते हैं। जब जब वे हमें शांत करना चाहते हैं, हमारी हूल, उलगुलान, क्रांति की आवाज और प्रखर होती जाती है क्यूंकि हम झारखंडी हैं, और झारखंडी झुकते नहीं हैं। आज जब सामाजिक संरचना में गहरी दरारें पैदा हो रही हैं, तब हमें अपने पूर्वजों की उस एकता और हर झारखंडी को साथ ले कर चलने के संकल्प को पुनः दोहराना होगा। अबुआ सरकार के लिए हर एक झारखंडी को बधाई। हमारी लड़ाई अटल है, अविराम है। संघर्ष जारी है और आखिरी सांस तक रहेगा। आपका हेमंत

बता दें कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किये गये थे। इसमें हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन को 56 सीटें हासिल हुई हैं। झामुमो को 34, कांग्रेस को 16, राजद को चार और सीपीआइ एमएल को दो सीटों पर जीत मिली है।

# ज्योतिबा फुले की 134वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की 134वीं पुण्यतिथि तथा पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह की 16वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। महात्मा ज्योतिबा फुले ने लोकतंत्र में समानता और स्वतंत्रता का अधिकार, सबको शिक्षा, जाति मुक्त समाज, स्त्री-पुरुष के बीच समानता, जन्म के आधार पर छोटा-बड़ा का भेदभाव का विरोध करने का वकालत किया, जो आज भी प्रासंगिक है। उक्त बातें आज प्रदेश कार्यालय में महात्मा ज्योति बा फुले महाराज की 134 वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहीं। श्री गुप्ता ने मांग किया कि प्रदेश की राजधानी रांची में महात्मा ज्योतिबा फुले की आदमकद प्रतिमा और विद्यालय महाविद्यालय में उनकी तस्वीर लगायी जाये। श्री गुप्ता ने कहा की महात्मा ज्योति बा फुले महाराज ने महिला शिक्षा में बड़ा काम किया है। सबसे पहले अपनी पत्नी को पढ़ा कर 1848 ई में पहली बालिका शिक्षा विद्यालय खोलने का काम किया था। फुले महाराज लेखक भी थे उनके द्वारा लिखित गुलामगिरी, किसान का कोड़ा पुस्तक काफी चर्चित हुआ था। श्री गुप्ता ने कहा कि वीपी सिंह के कार्यकाल में ही ओबीसी को मंडल कमीशन लागू कर आरक्षण दिया गया। साथ ही इस अवसर पर मौके पर प्रदेश महासचिव रामावतार कश्यप, वरिष्ठ समाजसेवी विद्याधर प्रसाद, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामलखन साहू, विकास कुमार सहित अन्य ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## सीएम हेमंत सोरेन को राजेंद्र प्रसाद ने दी बधाई-कहा

# संयुक्त बिहार में बनी नियोजन नीति को लागू करें

**अंतिम सर्वे बने स्थानीय और नियोजन नीति का आधार**

**ओबीसी आरक्षण, जातीय जनगणना, सदान आयोग बनाने पर हेमंत गंभीरता दिखायें**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने हेमंत सोरेन के चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। प्रसाद ने कहा कि हेमंत सोरेन व्यवहार कुशल और सरल व्यक्ति हैं। कहा हेमंत सरकार झारखंड को खुशहाली और विकास की राह पर ले जायें।

राजेंद्र प्रसाद ने हेमंत सोरेन को शुभकामनाएं देते हुए सुझाव दिया है और कहा कि स्थानीय नीति और नियोजन नीति अंतिम सर्वे 1964 के आधार पर बननी चाहिए, लेकिन यह मामला हमेशा कानूनी दांव पेंच में फंसते रहता है ऐसे में राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि जब तक 1932 या अंतिम सर्वे 1964 के आधार पर सरकार स्थानीय नीति तय नहीं करती है तब तक तत्काल 1983 में संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति को लागू करे जो खतियान आधारित है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि बहुत उम्मीद से झारखंडियों ने दोबारा हेमंत सोरेन की सरकार को मौका दिया है। ऐसे में झारखंडियों की उन्नति और आकांक्षाओं को पूरा करना हेमंत सरकार की नैतिक जिम्मेवारी है। प्रसाद ने कहा कि सदान आयोग बनाने, ओबीसी आरक्षण, जातीय जनगणना पर भी सरकार को टाल -मटोल की नीति नहीं अपनाने की सलाह दी है।

# रेल मुख्यालय, हाजीपुर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक ने हाजीपुर नगर स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों और अन्य संस्थानों के कार्यालयों में राजभाषा के प्रचार-प्रसार की गहन समीक्षा की और कहा कि अपने कार्य के दौरान हमेशा सरल और सहज भाषा का प्रयोग करें जिससे सभी को समझने में सुविधा हो । इस बैठक में अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि इस नवगठित समिति से राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रचार को बल मिलेगा तथा हम और तेजी से भारत सरकार की राजभाषा नीति का क्रियान्वयन कर पायेंगे। बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बीके सिंह ने कहा कि महाप्रबंधक राजभाषा हिंदी के वर्तमान की समीक्षा करते हुए भविष्य का मार्गदर्शन किये इसके लिए राजभाषा विभाग उनका आभारी है। बैठक का संचालन मनीष कुमार, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी सह उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी ने किया।

## जेएसएससी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा मामला

# अब 17 दिसंबर को होगी अंतिम सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी द्वारा वर्ष 2016 में हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति से संबंधित याचिकाओं पर हाइकोर्ट में अब 17 दिसंबर को सुनवाई होगी। हाइकोर्ट उस दिन इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगा। अदालत ने प्रार्थियों को यह बताने को कहा है कि उनके प्राप्तांक क्या थे। इसके साथ ही कोर्ट ने जेएसएससी और सरकार से यह बताने का निर्देश दिया है कि प्रार्थियों के प्राप्तांक राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में चुने गये अंतिम अभ्यर्थी से कम से हैं या ज्यादा। बता दें कि हाइकोर्ट ने पूर्व में जेएसएससी को वर्ष 2016 के हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट जारी करने का निर्देश दिया था। मामले में मीना कुमारी समेत सात अभ्यर्थियों ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने बहस की।

# शक्ति नाथ महतो ने देखा था अबुआ सरकार का सपना, आज हुआ साकार : मथुरा महतो

**टुंडी विधायक ने अपने आवास पर शहीद शक्ति नाथ महतो की मनायी पुण्यतिथि**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने मोरहाबादी स्थित अपने आवास पर शहीद शक्ति नाथ महतो की पुण्यतिथि मनायी। उन्होंने सर्वप्रथम शहीद शक्ति नाथ महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुण्यतिथि समारोह में आये लोगों के बीच उन्होंने कहा कि जो अबुआ सरकार का सपना हेमंत सोरेन की अगुवाई में साकार होने जा रहा है, उसमें शहीद शक्ति नाथ महतो का अतुलनीय योगदान है। कहा कि शक्ति नाथ महतो ने झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी है। वे अपने जीवन पर्यंत झारखंड और झारखंडियों के लिए संघर्ष करते रहे। झारखंड निर्माण में सशक्त आंदोलनकारी के रूप में हम उन्हें याद करते हैं। शोषण, अत्याचार और अन्याय के आगे वे कभी झुके नहीं थे। निरंतर संघर्ष करते हुए वे अपनी आवाज उठाते रहे। यही कारण था कि उनके नहीं झुकने पर तथा उनकी आवाज को दबाने के लिए उनकी हत्या कर दी गयी। उन्होंने कहा कि हम सबों को इस अवसर पर उनके पदचिह्नों पर चलने की और अबुआ राज को सशक्त करने की जरूरत है। इस अवसर पर आरके मेहता, रामप्रवेश सिंह, राम जेम मेहता, हलीम, राधे श्याम मोदक, साजिद कौशर, महावीर, मोहम्मद आजाद मुखिया, मुख्तार अंसारी, रविंदर यादव, चांद परवेज, कुलदीप, ईदू, नईम, मदन महतो, मोहम्मद मंसूर, अमन कुमार, कालीचरण महतो व सनाउल्लाह सहित कई लोगों ने अपनी-अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# धरती आबा के वंशज से मिलने रिम्स पहुंचे विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विधायक सीपी सिंह और हटिया विधायक नवीन जायसवाल गुरुवार को रांची स्थित रिम्स पहुंचे। भाजपा नेताओं ने सड़क दुर्घटना में घायल भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा से मुलाकात की। साथ ही उनकी वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। वहीं, इस दौरान पार्टी के दोनों नेताओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी मंगल मुंडा के स्वास्थ्य एवं इलाज की जानकारी ली। बता दें कि भगवान बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा खूंटी के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। इसके बाद उन्हें 25 नवंबर को रिम्स में एडमिट किया गया। मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट लगी है। रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग की टीम ने उनका ऑपरेशन किया है।



### खूंटी में हुआ था मंगल मुंडा का एक्सीडेंट

बता दें कि 25 नवंबर को मंगल मुंडा एक दुर्घटना का शिकार हो गये थे। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें ब्रेन में काफी गंभीर चोट लगी थी। साथ ही उनके ब्रेन के दोनों तरफ ब्लड क्लॉट भी हो चुका था। दुर्घटना के कारण मंगल के शरीर से काफी रक्तस्राव हो चुका था। इस कारण उन्हें तत्काल ऑपरेशन की जरूरत थी। मंगल मुंडा का ऑपरेशन रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग के एचओडी डॉक्टर आनंद प्रकाश के नेतृत्व में किया गया है। इससे पहले कार्यवाहक सीएम हेमंत सोरेन ने भी रिम्स पहुंचकर मंगल पांडे के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।

# लोजपा ने रामविलास को याद किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के राज्य प्रमुख वीरेंद्र प्रधान के नेतृत्व में पार्टी के डोरंडा स्थित प्रदेश कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने पार्टी के संस्थापक पद्म भूषण स्व रामविलास पासवान के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामविलास पासवान जी आजीवन गरीबों, दलितों के उत्थान को लेकर आवाज उठाते रहे। गरीबों एवं दलितों की जीवन भर आवाज उठाने के कारण उन्हें पद्मभूषण से अलंकृत किया गया।

झारखंड प्रमुख वीरेंद्र प्रधान के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रामविलास पासवान के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। पार्टी के संस्थापक स्व रामविलास पासवान के उद्देश्य 'उस घर में दिया जलाना है...सदियों से जहां अंधेरा है' को पूरा करना है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने देशभर में मौजूद पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधान ने उन सभी महिलाओं और पुरुषों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान को भी श्रद्धाभाव के साथ याद किया, जिन्होंने सालों तक पार्टी के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि वह आज विश्वास के साथ कह सकते हैं कि लोक जनशक्ति पार्टी युवाओं की पसंदीदा पार्टी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी में युवाओं का रुझान बढ़ा है। हाल ही में झारखंड में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में गठबंधन के तहत मिली चतरा विधानसभा की सीट पर अभूतपूर्व जीत हासिल की। स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विजय प्रधान, आइटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक राय, प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी, लेबर सेल के प्रदेश अध्यक्ष उत्तम राय, प्रदेश सचिव शिवजी कुमार, लाल बहादुर राम, रांची जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी, रांची जिला उपाध्यक्ष विष्णु सोनी, रतन पासवान, ज्योति होरो, दीपिका होरो, हसन अली, कार्यालय सचिव राजेश रंजन वर्मा, राकेश मधुकर समेत पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### स्पेशल ब्रांच की समीक्षा के बाद नवनिर्वाचित विधायकों को मिलेगी वाई श्रेणी की सुरक्षा

रांची (आजाद सिपाही)। स्पेशल ब्रांच की समीक्षा के बाद नवनिर्वाचित विधायकों को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। इसके बाद कुछ मंत्रियों और नेताओं को वाई प्लस सुरक्षा भी मिल सकती है। झारखंड पुलिस 25 बुलेट प्रूफ गाड़ियों की खरीद कर रही है। इनमें से पांच गाड़ियां पहले ही पहुंच चुकी हैं। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के काफिले में भी बुलेट प्रूफ गाड़ियां बदली जायेंगी। विपक्ष के नेता और नक्सल क्षेत्र के विधायकों को विशेष सुरक्षा दी जायेगी, सदन में विपक्ष के नेता को वाई प्लस या जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जा सकती है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आने वाले विधायकों को भी वाई प्लस सुरक्षा देने पर विचार हो रहा है। वहीं विधानसभा चुनाव में हारने वाले विधायकों की सुरक्षा में कटौती होगी। अब उन्हें दो-दो बॉडीगार्ड दिये जायेंगे। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्रियों की सुरक्षा पर अलग से समीक्षा की जायेगी, जिसमें उनकी जेड या वाई प्लस सुरक्षा जारी रखी जा सकती है।

### अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने झारखंड के पांच जिलों में काम कर रहे कारोबारियों को चेताया

रांची (आजाद सिपाही)। अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह से झारखंड के पांच जिलों में काम कर रहे कारोबारियों को चेतावनी दी है। सोशल मीडिया पर मयंक सिंह नाम के फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा गया है कि चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ समेत पांच जिलों में काम कर रहे कारोबारी पहले मुझे मैनेज करे, उसके बाद ही काम करें वर्ना अंजाम भुगते के लिए तैयार रहें। गौरतलब है कि अमन साहू गैंग के सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह को गिरफ्तार करना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले घडसाना के नयी मंडी का रहने वाला है। सुनील, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में भी रह चुका है। वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया सुनील कुआलालंमपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिये लॉरेंस के संपर्क में आया और मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपनी जड़ें जमाने लगा। वह लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर राजस्थान और पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसे घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा।

### मनोज झा हत्या मामले में सोनू उर्फ अहमद की जमानत याचिका हाइकोर्ट ने की खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता मनोज झा की हत्या मामले में हाइकोर्ट ने गुरुवार को आरोपित सोनू उर्फ अहमद को जमानत देने से इनकार कर दिया है। सोनू ने अपने वकील के माध्यम से हाइकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। इस पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद कोर्ट ने सोनू की याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड में कई लोग आरोपित हैं। सभी आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा के परिजनों की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता हेमंत शिकरवार और अधिवक्ता पवन सिंह ने बहस की।

### निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी को सुप्रीम कोर्ट से नोटिस

रांची (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार की उस याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ दर्ज एफआइआर रद्द करने के झारखंड हाइकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गयी है। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने दोनों सांसदों को नोटिस भेजा है और राज्य सरकार से कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जवाब दाखिल करने को कहा है। सितंबर 2022 में देवघर हवाई अड्डे पर दोनों सांसदों पर आरोप लगा था कि उन्होंने सुरक्षा नियमों का उल्लघंन किया और एयर ट्रैफिक कंट्रोल को अपने निजी विमान को उड़ाने की अनुमित देने के लिए धमकाया और दबाव डाला। झारखंड हाइकोर्ट ने एफआइआर को रद्द करते हुए कहा था कि यह आइपीसी के तहत नहीं आता क्योंकि विमान अधिनियम 1934 एक विशेष कानून है और इसकी धारा 12बी के तहत केवल डीजीसीए को शिकायत की जा सकती है। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में तर्क दिया है कि यह मामला आइपीसी के तहत भी आता है और इसे विमान अधिनियम तक सीमित नहीं किया जा सकता। सरकार ने कहा कि हाइकोर्ट ने सामान्य कानून और विशेष कानून के बीच गलत निर्णय दिया है। सरकार का कहना है कि जब सुरभा नियमों का उल्लंघन करके हवाई अड्डे की सुरक्षा खतरे में पड़ी हो तो विमान अधिनियम के प्रावधान आइपीसी पर हावी नहीं हो सकते। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले की सुनवाई करेगा और तय करेगा कि एफआइआर रद्द करने का हाईकोर्ट का फैसला सही था या नहीं।

### हज पर जायेंगे एसीबी के एसपी, 20 दिनों की छुट्टी मंजूर

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सादिक अनवर रिजवी हज पर जायेंगे। सरकार ने उनके आवेदन के आधार पर 20 दिन की छुट्टी मंजूर कर दी है। सादिक अनवर अभी पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झारखंड रांची के पद पर कार्यरत हैं। अखिल भारतीय सेवाएं छुट्टी नियमावली के तहत 22 दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक कुल 20 दिनों के उपार्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की गयी है। साथ ही उक्त अवधि में उन्हें निजी व्यय पर हज (उमरा) के लिए विदेश (सउदी अरब ) यात्रा की अनुमित दी गयी है। इस संबंध में गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### देवघर में स्कूल की प्रिंसिपल को पारा शिक्षक ने मारी गोली

देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर से एक बड़ी घटना की खबर सामने आ रही है। जानकारी मिल रही है कि एक पारा शिक्षक ने स्कूल की प्रिंसिपल को गोली मार दी। गोली प्रिंसिपल के दायें हाथ में लगी है। घटना मोहनपुर थाना के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चित्रपोका की है। प्रधानाध्यापिका को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली स्कूल परिसर में ही चलायी गयी है। छात्रों के बीच दहशत का माहौल बन गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। घायल प्रधानाध्यापिका की पहचान चांदनी कुमारी (42) के रूप में हुई है। चांदनी कुमारी ने बताया है कि शिक्षक शैलेश यादव मध्यान भोजन योजना (एमडीएम) के पैसे में हिस्सा मांग रहे थे। प्रधानाध्यापिका ने पैसे देने से मना कर दिया तो शिक्षक ने क्लासरूम में घुस कर उन्हें गोली मार दी। प्रधानाध्यापिका चांदनी कुमारी ने बताया कि शिक्षक शैलेश यादव स्कूल में उनकी हत्या की साजिश रच रहे थे। इसी नियत से उन्होंने मुझ पर गोली चलायी। गनीमत रही कि गोली हाथ में लगी। वह इस घटना से गोली चलने के बाद पारा शिक्षक फरार हो गया है। आरोपी शैलेश यादव है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
194000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 29 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in




# नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में देशभर से पहुंचे गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन।



राहुल गांधी का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन।



मल्लिकार्जुन खड़गे का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन।



अरविंद केजरीवाल का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन।



तेजस्वी यादव का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन और साथ में कल्पना सोरेन।



भगवंत मान का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन।



ममता बनर्जी का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन।



उदयनिधि स्टालिन का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन।



पप्पू यादव का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन।



अखिलेश यादव का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन।

## अनुराग गुप्ता बने झारखंड के डीजीपी



रांची (आजाद सिपाही)। एसीबी डीजी के पद पर पदस्थापित अनुराग गुप्ता को झारखंड डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना गुरुवार की रात सरकार की ओर से जारी कर दी गयी। वहीं दूसरी तरफ झारखंड डीजीपी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी के पद पर पदस्थापित किया गया है। अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर एसपी बनाया गया है। इसके अलावा अंबर लकड़ा को जैप तीन कमांडेंट के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 0531 date 28.11.2024, I Amit Kumar Singh S/o. Vishwanath Singh R/o Guljar Bag, Khalari, Jharkhand- 829205, Do Hereby Solemnly affirm and declare are follows :- 1. That the correct name my daughter is KAVITA KUMARI which is mentioned in her Birth Certificate. 2. That the name of my aforesaide daughter has been wrongly entered as KAJAL KUMARI in her Aadhar Card No 8621 5461 5185. 3. That this affidavit is being sworn for correction of my afoersaid daughter's name as KAVITA KUMARI in her Aadhar Card .

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 2333 दिनांक 05.09.2024 मै विक्की कुमार पिता प्रमेश्वर रजक, उम्र लगभग 18 वर्ष, निवास स्थान ग्राम वासरी कॉलोनी मिश्राईन मोढा, पोस्ट-रेलीगढा, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग, झारखण्ड, का निवासी हूँ, मैं शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि - 1. यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 9289 9997 4507 में मेरा नाम VIKKI KUMAR अंकित है। 2. यह कि मेरे नाम बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच गिद्दी में एक बचत खाता है. जिसका खाता संख्या 482310510000457 में मेरा नाम BICKY RAJAK अंकित है। 3. यह कि VIKKI KUMAR वो BICKY RAJAK दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, जो में स्वयं हैं। 4. यह कि मेरे उक्त बैंक पासबुक में मेरा नाम मेरे आधार कार्ड के अनुसार सुधार कर VIKKI KUMAR अंकित कर दिया जाए, जिसके वास्ते यह शपथ पत्र दे रहा हूँ। 5. यह कि उपरोक्त तथ्यों से संबंधित भविष्य में किसी भी प्रकार का प्रश्न उठता है. तो उसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी। 6. यह कि उपरोक्त कथन सत्य वो सही है।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 3268 दिनांक 12.08.2024 मैं पम्मी देवी (Pammi Devi) पति -राजेन्द्र रविदास, उम्र लगभग 27 वर्ष, धर्म - हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय, पेशा - गृहिणी, निवासी ग्राम - साइम, पो0- साइम, थाला - गोला, जिला - रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि - 1. यह कि मेरा सही एंव वास्तविक नाम पम्मी देवी (PAMMI DEVI) है जो मेरे आधार कार्ड सं. 6070 1978 5742 मे दर्ज है। 2. यह कि बैंक ऑफ इण्डिया, साइम शाइम शाखा मे मेरा एक बचत खाता है, जिसका खाता सं0 484410110007308 है जिसमें मेरा नाम गलती से पम्मी कुमारी (PAMMI KUMARI) लिखा गया गया है। 3. यह कि पम्मी देवी और पम्मी कुमारी एक ही नाम महिला का नाम है, जो मै स्वयं हूँ। 4. यह कि यह शपथ पत्र मै अपने पत्र मै अपने उक्त बचत खाता मे लिखे गलत नाम पम्मी कुमारी को सुधार कर पम्मी देवी लिखवाने हेतु बैंक सक्षम पदाधिकारी को देने बना रही हूँ।

### सीएम ने शहीद अर्जुन के परिजनों को 10 लाख का चेक सौंपा

# शहीदों के सम्मान और सहायता के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ लेने के पहले ही दिन शहीदों को सम्मान देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने बोकारो जिला के चंदनकियारी प्रखंड स्थित फतेहपुर गांव के निवासी शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो की माता हुलासी देवी को अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में 10 लाख रुपये का चेक सौंपा। इसके साथ शहीद अग्निवीर के भाई बलराम महतो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन, विधायक उमाकांत रजक और शहीद की बहन लक्ष्मी कुमारी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा से शहीदों के साथ हर कदम पर खड़ी है। राज्य सरकार शहीदों के सम्मान और सहायता के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने शहीद अर्जुन महतो के परिजनों से कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सैनिकों की तरह अग्निवीरों के शहीद होने पर उनके परिजनों को 10 लाख रुपये अनुग्रह राशि और एक परिजन को आश्रित को सरकारी नौकरी देने का नीतिगत निर्णय पहले ही ले चुकी है। विदित हो कि झारखंड के अग्निवीर अर्जुन महतो असम के सिलचर में तैनात थे। इस माह 21 तारीख की देर रात्रि उग्रवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

### शहीद अग्निवीर के भाई बलराम महतो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया

## मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव बने अविनाश कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग, झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित आइएएस अविनाश कुमार को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव, झारखंड के भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसको लेकर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### बीजेपी नेत्री सीता सोरेन की बेटी जयश्री ने इरफान को घेरा, कहा-

# पहले महिलाओं का सम्मान करना सीखें

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा नेत्री सीता सोरेन की बेटी जयश्री सोरेन ने जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा कर घेरा है। जयश्री ने अपने पोस्ट में लिखा है, डॉ इरफान अंसारी ने जो लिखा है, वह न केवल भ्रामक है बल्कि एक बार फिर उनके दोहरे मापदंड और सस्ते राजनीतिक हथकंडों को उजागर करता है। वह संस्कार की बात कर रहे हैं, लेकिन क्या उनको याद है कि संस्कार के नाम पर उन्होंने क्या-क्या किया है?

### इरफान अंसारी ने किया हिंदू धर्म का उपहास : जयश्री सोरेन

जयश्री ने अपने पोस्ट में आगे लिखा है कि आपने मेरे चाचा



हेमंत सोरेन को भगवान राम कहकर उनकी तुलना भगवान से कर दी। लेकिन यह शब्द आपकी सुविधानुसार इस्तेमाल करने का माध्यम नहीं है। राम सिर्फ नाम नहीं, बल्कि एक आदर्श और विश्वास हैं। जब आप खुद मुसलमान हैं, तो आप अपने नेता को अल्लाह क्यों नहीं कहते। क्या आपको अपने धर्म पर भरोसा नहीं है। आपने राम का नाम लेकर न केवल हिंदू धर्म का उपहास किया, बल्कि यह दिखाया कि आपके लिए धर्म केवल एक राजनीतिक औजार है। जयश्री ने कहा, इरफान अंसारी, संस्कार और आदर्शों की बात करने से पहले महिलाओं का सम्मान करना सीखें, अपने धर्म व आचरण में ईमानदारी लायें और सस्ती राजनीति व झूठे आरोप लगाकर अपने राजनीतिक करियर को बनाने की कोशिश बंद करें।

झारखंड की जनता सच्चाई जानती है और सही निर्णय लेगी। आपकी इन हरकतों से न तो हमारे परिवार की छवि धूमिल होगी और न ही आपके झूठ के आधार पर कोई आपका साथ देगा। एक दिन आपका असली चेहरा सब देखेंगे। बता दें कि जयश्री ने यह पोस्ट डॉ इरफान अंसारी के उस पोस्ट के जवाब में किया है, जिस पोस्ट में इरफान ने सीता सोरेन को लेकर कई बातें कही हैं।

## एक हजार की घूस लेने वाले एएसआइ को एसीबी कोर्ट ने दी 5 साल सश्रम कारावास की सजा

रांची (आजाद सिपाही)। रांची एसीबी की स्पेशल कोर्ट ने रिश्वत खोर एएसआइ सेवईया सुरीन को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने सेवईया सुरीन पर पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एसीबी कोर्ट ने लोहरदगा जिले के कुडू थाना में पदस्थापित तत्कालीन एएसआई सेवईया सुरीन को रिश्वत लेने के जुर्म में बुधवार को दोषी करार दिया था। गुरुवार को कोर्ट ने उसकी सजा की बिंदु पर सुनवाई की। एसीबी ने सेवईया सुरीन को एक हजार रुपये रिश्वत लेते हुए 22 फरवरी 2017 को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। वह यह रिश्वत मो. अब्दुल रशीद नाम के व्यक्ति से थाना ने जब्त मोटरसाइकिल छोड़ने के एवज में ले रहा था। सूचक ने इसकी शिकायत एसीबी एसपी से की थी। दोषी करार दिये जाने के बाद सेवईया सुरीन को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था।

# रिकॉर्ड चौथी बार सीएम बने हेमंत सोरेन

झारखंड में गुरुवार को नयी सरकार की ताजपोशी हो गयी। हालिया विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने गुरुवार को चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हेमंत सोरेन के प्रारंभिक जीवन को देखें तो उनका जन्म 10 अगस्त 1975 को शिबू सोरेन और रूपी सोरेन के घर हुआ था। हेमंत ने 1990 में पटना के एमजी हाई स्कूल से मैट्रिक की पढ़ाई की। इसके बाद 1994 में पटना हाई स्कूल से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने रांची के बीआइटी (मेसरा) में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया, लेकिन कुछ कारणों से पढ़ाई पूरी नहीं कर पाये। पढ़ाई के बाद हेमंत ने इंजीनियरिंग फर्मों के साथ काम किया। हेमंत की शादी कल्पना सोरेन से हुई है और उनके दो बेटे हैं। हेमंत की पत्नी कल्पना भी इस चुनाव में गांडेय विधानसभा सीट से जीती हैं। हेमंत सोरेन को राजनीति विरासत में मिली। उनके पिता शिबू सोरेन खुद तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे। इसके अलावा हेमंत के बड़े भाई दिवंगत दुर्गा सोरेन भी विधायक थे। जुलाई 2013 में उन्होंने पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। हेमंत का पहला कार्यकाल करीब 17 महीने का रहा। इसके बाद 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो को हार झेलनी पड़ी और भाजपा को जीत मिली। हालांकि, सोरेन बरहेट सीट से झामुमो के विधायक चुने गये। उन्होंने रघुबर दास सरकार के दौरान जनवरी 2015 से दिसंबर 2019 तक झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी निभायी। झारखंड में पिछला विधानसभा चुनाव 2019 में हुआ था, जिसमें हेमंत सोरेन के झामुमो को जीत मिली। इस जीत के बाद झामुमो ने कांग्रेस और राजद के साथ मिलकर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनायी, जिसके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बने। 29 दिसंबर 2019 को हेमंत सोरेन ने दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। हेमंत सोरेन का दूसरा कार्यकाल काफी चुनौतियों वाला रहा। 31 जनवरी 2024 को भूमि घोटाले के आरोपों के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से पहले उन्होंने पद से त्यागपत्र दिया। हालांकि, जून महीने में सोरेन को बड़ी राहत के रूप में जमानत मिल गयी और 28 जून को उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। चंपई सोरेन ने 3 जुलाई 2024 को झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। 4 जुलाई को हेमंत सोरेन तीसरी बार मुख्यमंत्री बन गये। गुरुवार को शपथ लेने के साथ ही उनकी चौथी पारी शुरू हो गयी है। इस नये नवेले राज्य के 24 साल के इतिहास में तीन चेहरे तीन-तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इनमें हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन, भाजपा नेता अर्जुन मुंडा और खुद हेमंत सोरेन शामिल हैं। चौथी बार शपथ लेते ही हेमंत इस श्रेणी से आगे निकल गये हैं।

**हेमंत सोरेन को राजनीति विरासत में मिली। उनके पिता शिबू सोरेन खुद तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे। इसके अलावा हेमंत के बड़े भाई दिवंगत दुर्गा सोरेन भी विधायक थे। जुलाई 2013 में उन्होंने पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के संभल में एक अन्य मस्जिद हिंदू और मुसलमानों के बीच कानूनी लड़ाई का केंद्र बन गयी है। इसके परिणामस्वरूप दंगे हुए, भगदड़ मची, लोगों के वाहन जलाये गये और मौतें हुईं और फलतः इस शहर का जनजीवन ठहर-सा गया और यह सब कुछ एक अदालत के न्यायाधीश द्वारा 16वीं सदी में बाबर द्वारा 1526 से 1530 के बीच बनायी गयी एक मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश देने के बाद हुआ।**

# मंदिर-मस्जिद विवाद : अयोध्या निर्णय से सबक लेना चाहिए

**पूनम आई कौशिक**

हमारे राजनेता धार्मिक राजनीति की दलदल के रसातल में पांव रखकर हमेशा चौंकाते रहते हैं। मस्जिद-मंदिर विवाद का उपयोग हमारे नेतागणों द्वारा अपने वोट बैंक की भूख को शांत करने के लिए किया जाता है तथा उनकी एक ही आस्था है और वह है सत्ता। इस बात का इससे बेहतर प्रमाण कोई नहीं हो सकता है कि कल तक उत्तर प्रदेश के संभल की अनजानी सी शाही जामा मस्जिद आज विवाद का विषय बनी हुई है।

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के संभल में एक अन्य मस्जिद हिंदू और मुसलमानों के बीच कानूनी लड़ाई का केंद्र बन गयी है। इसके परिणामस्वरूप दंगे हुए, भगदड़ मची, लोगों के वाहन जलाये गये और मौतें हुईं और फलतः इस शहर का जनजीवन ठहर-सा गया और यह सब कुछ एक अदालत के न्यायाधीश द्वारा 16वीं सदी में बाबर द्वारा 1526 से 1530 के बीच बनायी गयी एक मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश देने के बाद हुआ। इसकी शुरुआत तब हुई, जब एडवोकेट विष्णु जैन, जो ज्ञानवापी मस्जिद कृष्ण जन्म भूमि विवादों में भी वकील हैं, ने दावा किया कि बाबर द्वारा इस जामा मस्जिद का निर्माण कल्कि भगवान के ऐतिहासिक हरिहर मंदिर को तोड़ कर किया गया है।

उन्होंने हिंदू धर्म ग्रंथों को उद्धृत करते हुए कहा कि इस स्थल का हिंदुओं के लिए धार्मिक महत्व है, क्योंकि यह कल्कि का जन्म स्थल है और कलियुग की समाप्ति के बाद भगवान कल्कि प्रकट होंगे। उन्होंने न्यायालय से आग्रह किया कि इस मंदिर का नियंत्रण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को दिया जाए। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भव्य कल्कि धाम की आधारशिला रखी थी। न्यायालय ने इस मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया और इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए एडवोकेट्स कमीशन को नियुक्त किया। रोचक तथ्य यह है कि पहला सर्वेक्षण शांतिपूर्ण रहा। मस्जिद समिति ने हिन्दू-मुस्लिम प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 9 नवंबर को अपनी सहमति दी, किंतु रविवार को जब अधिकारी दूसरे सर्वेक्षण के लिए वहां पहुंचे तो उपद्रव हो गया।

**लेख में यह भी लिखा गया है कि शाही मस्जिद का निर्माण बाबर के दरबारी मीर हिंदू बेग द्वारा 1526 में एक मंदिर को मस्जिद बना कर किया गया।**



**हिंदुओं का दावा है कि बाबरनामा और अबुल फजल की आइने अकबरी में इस बात की पुष्टि की गयी है कि जिस स्थल पर आज जामा मस्जिद खड़ी है वहां पर हरिहर मंदिर था। वे 1879 के ब्रिटिश पुरातत्वविद कार्ललाइल की रिपोर्ट का उल्लेख भी करते हैं, जिसमें कहा गया है कि मंदिर के अंदर और बाहर के स्तंभ हिंदू मंदिरों के स्तंभों की तरह दिखते हैं, इनको छिपाने के लिए उन पर प्लास्टर किया गया है।**

हिंदुओं का दावा है कि बाबरनामा और अबुल फजल की आइने अकबरी में इस बात की पुष्टि की गयी है कि जिस स्थल पर आज जामा मस्जिद खड़ी है वहां पर हरिहर मंदिर था। वे 1879 के ब्रिटिश पुरातत्वविद कार्ललाइल की रिपोर्ट का उल्लेख भी करते हैं, जिसमें कहा गया है कि मंदिर के अंदर और बाहर के स्तंभ हिंदू मंदिरों के स्तंभों की तरह दिखते हैं, इनको छिपाने के लिए उन पर प्लास्टर किया गया है और एक स्तंभ से प्लास्टर हटाने से पता चला कि यह हिंदू मंदिर वास्तु कला के प्राचीन लाल स्तंभों की तरह हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि मस्जिद की अनेक विशेषताएं और अनेक वस्तुएं इसकी प्राचीनता को दर्शाती हैं और वे हिंदू मंदिर से जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा लेख में यह भी लिखा गया है कि शाही मस्जिद का निर्माण बाबर के दरबारी मीर हिंदू बेग द्वारा 1526 में एक मंदिर को मस्जिद बना कर किया गया। इसके बाद पुलिस ने समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर बर्ग और स्थानीय विधायक तथा 6 अन्य लोगों के विरुद्ध हिंसा फैलाने के लिए मामला दर्ज किया है। यह बताता है कि किस प्रकार हमारे नेता राजनीतिक खेल के लिए लोगों की भावनाओं को भड़काते हैं।

आशानुरूप कांग्रेस नेता राहुल ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि वह पक्षपातपूर्ण है और उसका असंवेदनशील दृष्टिकोण है। वह सभी पक्षों को सुने बिना कार्रवाई कर रहे हैं और इस प्रकार स्थिति को और जटिल बना रहे हैं, जिस कारण अनेक मौतें हुई हैं, जिसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। यह भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ द्वारा भेदभाव पैदा करने का एक सुनियोजित षड्यंत्र है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कहा है कि भाजपा की योगी सरकार ने दंगे कराये हैं। जमायत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मदनी ने इस सर्वेक्षण को धार्मिक स्थलों के लिए धार्मिक सुरक्षा उपायों का उल्लंघन बताया, तो भाजपा ने इसका प्रत्युत्तर यह कह कर दिया कि घमंडिया गठबंधन के नेता लोकसभा चुनावों के बाद लोगों में आक्रोश पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। यदि न्यायालय कोई आदेश देता है तो उसको लागू किया जायेगा। मुसलमान इसको एक उकसावे की कार्रवाई मानते हैं जो उनके धार्मिक स्थल की पवित्रता का उल्लंघन करती है। वे 1991 में उच्चतम न्यायालय द्वारा पूजा स्थल अधिनियम में दिए गए निर्णय का उल्लेख करते हैं, जिसमें कहा गया था कि 1947 में जो धार्मिक स्थल जिस स्वरूप में था, उसका स्वरूप यथावत रहेगा और उसे बदला नहीं जायेगा। साथ ही वे मस्जिद के ऐतिहासिक ढांचे का उल्लेख भी करते हैं।

मुस्लिम मौलवियों का कहना है कि हिंदुत्व ब्रिगेड को एक नया साधन मिल गया है। वे मस्जिदों को तोड़ कर मंदिरों पर पुनः दावा कर रहे हैं, ताकि हिंदू बहुसंख्यक उन्हें भावनात्मक मुद्दों पर सत्ता में वापस करने में मदद करें और यह भावनात्मक मुद्दा आस्था और मुस्लिम आक्रांताओं से बदला लेने की आधारशिला पर तैयार किया गया है, जो एक इतिहास है। निश्चित रूप से इस मामले में एक लंबा वैचारिक और कानूनी संघर्ष चलेगा। पहले ही 5 स्थलों पर विभिन्न ढांचों को न्यायालयों में चुनौती दी गयी है, हालांकि पूजा स्थल अधिनियम अभी भी लागू है। इन स्थलों में वाराणसी, मथुरा, आगरा, मध्य प्रदेश में धार और नयी दिल्ली के धार्मिक स्थल शामिल हैं।

वस्तुतः इन विवादों से राजनीति जुड़ी हुई है और यह बड़े विवाद का कारण भी बन सकते हैं। इसलिए इनके समाधान के लिए अयोध्या निर्णय से सबक लेना चाहिए। इस निर्णय ने भारत को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। निःसंदेह चाहे कोई कितनी भी उकसावे की कार्रवाई क्यों न करे, कानून के शासन की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

इन मुद्दों पर अड़ियल रुख सौहार्द स्थापित करने का फार्मूला नहीं है। बहुलवादी समाज में, जहां पर अनेक धर्म सह अस्तित्व के साथ रह रहे हैं, वहां पर हिंदुओं और मुसलमानों को न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा करनी होगी अथवा आपस में बैठ कर ऐसे मुद्दों का समाधान करना होगा। इसकी शुरुआत विष्णु भक्तों और रहीम भक्तों की राष्ट्र भक्ति की भावना के साथ मिल बैठ कर कदम उठा कर करनी चाहिए।

## देश-विदेश की खबरें

# अच्छे बीजों से उत्पादन 20 प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है : शिवराज सिंह

**भारत में उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत कम करना, उत्पादन के ठीक दाम देना, नुकसान की भरपाई करना, कृषि विविधिकरण करने को लेकर अभियान चलाया गया है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में चल रही 13वीं राष्ट्रीय बीज/सीड कांग्रेस को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इस वर्चुअल संबोधन के दौरान कृषि अनुसन्धान परिषद के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त सचिव फैज अहमद किदवई व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खेती भारत के लिए ही नहीं संपूर्ण विश्व के लिए बहुत आवश्यक है। खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भारत जैसे देश में बड़ी आबादी अपनी आजीविका खेती से ही चलाती है। कृषि अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा हैं। भारत विश्वबन्धु भी है, हमारी वसुधैव कुटुंबकम की परिकल्पना भी है। आजकल हम अपने देश की ही खाद्य आवश्यकता की पूर्ति नहीं कर रहे बल्कि दुनिया के कई देशों में फल, सब्जियां निर्यात कर उन्हें सहयोग कर रहे हैं। खेती के लिए सबसे महत्वपूर्ण अच्छे बीज हैं। भारत में उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत कम करना, उत्पादन के ठीक दाम देना, नुकसान की भरपाई करना, कृषि विविधिकरण करने को लेकर अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही भारत में कैबिनेट ने प्राकृतिक कृषि मिशन को मंजूरी दी है। अनियंत्रित केमिकल फर्टिलाइजर एवं कीटनाशकों के उपयोग के कारण धरती व मनुष्यों का स्वास्थ्य खराब हो गया है और जीवों के अस्तित्व पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा है कि लोगों को शुद्ध आहार मिले, जो मानव शरीर के लिए भी उपयोगी हो और धरती का स्वास्थ्य भी बना रहे। दुनिया की खाद्य की आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए यह आवश्यक है कि उत्पादन बढ़े और उत्पादन बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बीज, अच्छे बीज और गुणवत्तापूर्ण बीज होना है। पिछले दिनों आइसीएआर ने प्रधानमंत्री से बीजों की 109 किस्में रिलीज करवाई थीं जोकि जलवायु के अनुकूल, कम पानी और कम समय में फसल पैदा होने वाले थे। बीज खेती के प्राण हैं। हम किसानों को अच्छे बीज उपलब्ध करवा पाते हैं तो इससे बड़ी खेती की कोई और सेवा नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं मानता हूं कि सीड कांग्रेस बहुत महत्वपूर्ण फोरम है जिसमें बीज से संबंधित उपयोग करने वाले किसान, कंपनियां, व्यापारी सभी मिलकर विचार करते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे बीजों से उत्पादन 20 प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। किसानों को अच्छे बीज उचित दाम पर व समय पर कैसे उपलब्ध करायें ऐसा रोड़मैप तैयार करना हैं। लैब टू लैंड यानि विज्ञान से किसान तक कैसे जल्दी बीज मिलें और गुणवत्ता भी प्रभावित न हो व किसान की पहुंच में भी रहें। श्री चौहान ने कपास के बीजों का उदाहरण देते हुए कहा कि कपास के बीज के दाम बढ़ने से बीज छोटे किसानों की पहुंच से ही दूर हो गये। यह आवश्यक है कि पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध करायें कि किसानों को समय पर बीज उपलब्ध करा सकें।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि घटिया किस्म के बीजों की शिकायत बहुत आती है। घटिया किस्म के बीज उपलब्ध कराना अपराध है। इससे किसान की जिन्दगी तो प्रभावित होती है और उत्पादन भी प्रभावित होता है। इस पर भी विचार करें। उन्होंने कहा कि पिछली 12 बीज कांग्रेस में निष्कर्ष निकले और उन पर क्या काम हुआ इस 13वीं कांग्रेस में उन पर चर्चा करें और ठोस निर्णय लें। यह 13वीं राष्ट्रीय बीज सीड कांग्रेस अच्छे बीजों की उपलब्धता के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी। 14वीं कांग्रेस में रिपोर्ट पेश होनी चाहिए कि क्या काम हो चुके हैं और क्या काम करने हैं। एक्शन टेकन रिपोर्ट 14वीं कांग्रेस में पेश हो। भारत में परंपरागत चावल की 3 हजार से ज्यादा किस्में हैं। परंपरागत बीजों को सहेज कर रखें। कांग्रेस में आये विद्वानों के ज्ञान का पूरा लाभ उठायें। मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस अपनी उदेश्य की पूर्ति में सफल होगी।

# पीएम मोदी को धमकी, 34 साल की महिला हिरासत में

**पूछताछ में मानसिक रूप से अस्थिर निकली महिला**

**मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में फोन आया था**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को जान से मारने की धमकी दी गई। मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में धमकी भरा फोन आया था।

मामले में पुलिस ने एक 34 साल की महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि महिला मानसिक रूप से अस्थिर है। उसने शरारत में फोन किया था। महिला का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड भी नहीं है। मामले की जांच जारी है।

# के-4 बैलिस्टिक मिसाइल की सफल टेस्टिंग

## आइएनएस अरिघात से लांचिंग, 3,500 किलोमीटर रेंज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** इंडियन नेवी ने के-4 बैलिस्टिक मिसाइल की सफल टेस्टिंग की। यह टेस्टिंग न्यूक्लियर सबमरीन अरिघात से की गयी थी। अरिघात को 2017 में लॉन्च किया गया था। इसका अपग्रेड वर्जन जल्द ही कमीशन किया जायेगा।

अरिघात आइएनएस अरिहंत का अपग्रेडेड वर्जन है। इसे विशाखापट्टनम में भारतीय नौसेना के शिप बिल्डिंग सेंटर (एसबीसी) में बनाया गया था। अरिहंत की तुलना में अरिघात 3500 किलोमीटर की रेंज वाली के-4 मिसाइलों से लैस होगी। इस सबमरीन का वजन 6 हजार टन (60 हजार क्विंटल) है।

**इंडियन बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम :** यह डिफेंस सिस्टम अलग-अलग रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलों से बचाव के लिए बनाया गया है। इसके लिए दो लेयर वाली इंटरसेप्टर मिसाइलें (दुश्मन की मिसाइलों को मार गिराने वाली मिसाइलें) बनायी गयी हैं।

**पृथ्वी एयर डिफेंस -** इस डिफेंस सिस्टम की मिसाइलें बहुत अधिक ऊंचाई पर जाकर दुश्मन देश की मिसाइल या अन्य हवाई खतरे को तबाह कर सकती हैं। इसमें पृथ्वी सीरीज की सभी मिसाइलें शामिल हैं। मिसाइलों की रेंज 300 से 2000 किमी होती है। ये जमीन से 80 किलोमीटर ऊपर टारगेट को नष्ट कर सकती हैं। इनकी स्पीड करीब 6000 किमी/घंटा होती है।

**एडवांस्ड एयर डिफेंस -** इसकी मिसाइलें कम ऊंचाई वाले टारगेट्स को मार गिराने के लिए बनायी गयी हैं। ये मिसाइलें सिस्टम 5000 किमी या उससे ज्यादा दूरी से आने वाले हवाई खतरों को हवा में ही गिरा सकती हैं। ये 30 किलोमीटर की ऊंचाई तक के टारगेट को गिरा सकती हैं।

# बांग्लादेश इस्कॉन ने चिन्मय प्रभु को सभी पदों से हटाया, अनुशासनहीनता के आरोप लगाये

**जयशंकर ने पीएम मोदी को हालात की जानकारी दी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ढाका।** बांग्लादेश इस्कॉन ने गुरुवार को चिन्मय प्रभु को सभी पदों से हटा दिया। संगठन के जनरल सेक्रेटरी चारू चंद्र दास ब्रह्मचारी ने अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी गतिविधियों को इस्कॉन से कोई ताल्लुक नहीं है।

दास ने यह भी बताया कि चिन्मय की गिरफ्तारी के लिए हुए प्रदर्शनों में वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की मौत से भी उनके संगठन का कोई ताल्लुक नहीं है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के प्रदर्शनों में हमारा कोई रोल नहीं है। हमें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। रोड एक्सीडेंट में हो रही मौत को भी हमसे जोड़ दिया जा रहा है।

इससे पहले दोपहर में ढाका हाइकोर्ट ने इस्कॉन पर बैन लगाने की मांग को खारिज कर दिया। अदालत में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि इस्कॉन की गतिविधियों के खिलाफ हमने जरूरी कदम उठाये हैं। यह मुद्दा सरकार की प्राथमिकता है।

सरकार ने कहा कि इस्कॉन के मामले में अभी तक 3 केस दर्ज किए गए हैं और 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सेना को देश में किसी भी तरह की अशांति को रोकने के लिए तैनात किया गया है।

सुनवाई के दौरान याचिका दायर करने वाले वकील ने कहा- इस्कॉन पर बैन लगाने का यही सही समय है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह सरकार तय करेगी। दरअसल, इस्कॉन मंदिर के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की राजद्रोह में गिरफ्तारी के बाद वहां संगठन को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। दास को जेल भेजे जाने के बाद बांग्लादेश में कई जगहों पर हिंसा हुई है। साथ ही इससे



बांग्लादेश और भारत सरकार के रिश्तों में भी दरार आयी है।

**दावा - बांग्लादेश इस्कॉन मामले पर मोदी-जयशंकर की मुलाकात :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बांग्लादेश में इस्कॉन मामले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत की है। विदेश मंत्री ने उन्हें वहां के हालात की जानकारी दी।

वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर कहा कि वे इस मामले पर केंद्र के साथ हैं। विधानसभा में इस मुद्दे पर बोलते हुए ममता ने कहा कि उन्होंने बंगाल में इस्कॉन से बात की है।

ममता ने कहा- हम नहीं चाहते कि किसी भी धर्म को नुकसान पहुंचे। मैंने यहां इस्कॉन से बात की है, लेकिन यह दूसरे देश का मामला है और केंद्र सरकार को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। हम इस मुद्दे पर उनके साथ खड़े हैं।

वहीं, भारत में इस्कॉन के कम्युनिकेशन डायरेक्टर ब्रजेंद नंदन दास ने बांग्लादेश में इस्कॉन को एक आतंकवादी और कट्टरपंथी संगठन के आरोपों को निराधार और झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि भारत और दुनिया भर में कोई भी इन आरोपों को स्वीकार नहीं करेगा।

दास ने कहा कि बांग्लादेश में जरूरतमंदों की मदद करने वाले और लोगों के लिए भंडारा आयोजित करने वाले भक्तों को मारा गया है। मुझे उम्मीद है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी और हिंदुओं को सुरक्षा देगी।

**शेख हसीना ने भी की चिन्मय की रिहाई की मांग :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्कॉन के चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए अंतरिम सरकार से उन्हें तुरंत रिहा करने के लिए कहा है। हसीना ने कहा कि सनातन धर्म के एक प्रमुख नेता को अन्यायपूर्ण तरीके से गिरफ्तार किया गया है। हसीना ने कहा कि चटगांव में एक मंदिर को जला दिया गया।

इससे पहले मस्जिदों, चर्चों और अहमदिया समुदाय के लोगों के घरों पर हमले किये गये थे। हसीना ने सभी समुदायों के लोगों की धार्मिक आजादी, सुरक्षा और संपत्ति की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा है। हसीना के इस बयान को उनकी पार्टी आवामी लीग ने पर पोस्ट किया है।

# कार और बाइक की भिड़ंत, पांच घायल

**शादी समारोह में शामिल होने के लिए मेदिनीनगर जा रहा था।**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सादर थाना क्षेत्र के करमडीह मोड़ हाईवे पर गुरुवार के करीब 4:15 बजे एक कार और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे में बघौता गांव के कार में बैठे धर्मेंद्र प्रसाद (35) उनकी मां शकुंतला देवी (62) बेटी दीपांजलि कुमारी (17) और बाइक सवार रमना गांव के आकाश चंद्रवंशी (32) व गोबिंद कुमार यादव (30) घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब धर्मेंद्र प्रसाद अपनी मां और बेटी के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए मेदिनीनगर जा रहा था। दूसरी ओर, आकाश चंद्रवंशी और गोबिंद कुमार यादव शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने के बाद घर लौट रहे थे। कर्मडीह मोड़ के पास अचानक दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये और सभी लोग घायल हो गये। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। धर्मेंद्र प्रसाद और आकाश चंद्रवंशी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, सड़क पर तेज गति और लापरवाही हादसे का कारण माना जा रहा है। हादसे के कारण फोर लेन पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया था। हालांकि, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

# सरकार गठन पर विजय जुलूस निकाला गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय में इंडी गठबंधन की सरकार गठन के शपथ ग्रहण समारोह के उपलक्ष में भंडरिया झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की के नेतृत्व में भंडरिया थाना मोड़ से विजय जुलूस निकाला गया। वह विजय जुलुस भंडरिया इंदिरा गांधी चौक पहुंचा व सभा में तब्दील हो गयी सभा को संबोधित करते हुए हरदास तिर्की ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनकल्याणकारी योजना चलाकर दोबारा सरकार बनाने का काम किया है, लेकिन हमारे इंडिया गठबंधन के विधायक केएन त्रिपाठी ने 890 वोट से हारकर विधानसभा नहीं पहुंच सके भंडरिया प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता व इंडिया गठबंधन निराश हैं यहां 15 वर्षों से विकास कार्य रुका हुआ है हमारा सरकार रहते हुए भी हम विकास कार्य नहीं करवा पा रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित प्रखंड उपाध्यक्ष रविशंकर कश्यप अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह निर्मला ठाकुर अबरार अहमद अंसारी मुमताज अंसारी आजाद अहमद पूर्व मुखिया सुशीला क्रिकेटर हारून रशीद अर्जुन राम आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़गड़।** बड़गड़ के टेंगारी गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद की विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से मौत होने पर उनके परिजनों को आर्थिक सहयोग कर चैनपुर राज परिवार के विवेक भवानी सिंह मानवता की मिशाल पेश की है। उन्होंने पिछले माह दूर्गा पूजा के दौरान सप्तमी तिथि को घर के इकलौते कमाऊं सदस्य सुरेन्द्र प्रसाद की आकस्मिक मौत की सुचना पर बड़गड़ के टेंगारी स्थित उनके आवास पर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया था तथा सहयोग का आश्वासन दिया था. बुधवार को श्री सिंह ने अपने प्रतिनिधियों के माध्यम आर्थिक सहयोग के रूप में दस हजार रुपए सहायता राशि मृतक सुरेन्द्र प्रसाद कि पत्नी शोभा देवी को प्रदान करा कर प्रभावित परिवार को मदद पहुंचाने का कार्य किया।

इस मौके पर रामानन्द यादव, रामजी उरांव, रामचंद्र सिंह, सुनील दास उपस्थित थें।

# अबुआ सरकार बनने की खुशी में झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** झारखंड में अबुआ सरकार बनने तथा हेमंत सोरेन को 14 वें मुख्यमंत्री बनने की खुशी में बुधवार की शाम में मेराल बस स्टैंड पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। युवा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की, बम पटाखे फोड़े तथा अपने नेता शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत-कल्पना जिंदाबाद, मिथिलेश कुमार ठाकुर जिंदाबाद के पक्ष में खूब नारे लगाए। जश्न मनाने वालों में युवा प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्रा, व्यवसायी मोर्चा के उपाध्यक्ष नवीन जायसवाल, पंकज जायसवाल, गोलू जायसवाल, ज्ञान प्रकाश जायसवाल, शमीम अंसारी, रविंद्र राम, रामाशीष राम, प्रभु कांत सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

# भानु प्रताप शाही ने मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया

**शाही ने कहा चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है। वे चुनाव हारे हैं, हौसला नहीं हारे हैं।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने विधानसभा चुनाव में श्री बंशीधर नगर प्रखंड की जनता की ओर से उन्हें अपार स्नेह एवं समर्थन देने के लिये उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है। वे गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भले ही इस बार वे चुनाव हार गये हैं, लेकिन हम हिम्मत नहीं हारे हैं। जिस हिम्मत के साथ श्री बंशीधर नगर प्रखंड की जनता ने विषम परिस्थिति में भी उनका साथ दिया है उसके लिये सभी को चरण छूकर प्रणाम करते हुये धन्यवाद देता हुं। शाही ने कहा कि हमारी जनता और कार्यकर्ता बिल्कुल उदास ना हो मैं पहले भी उन लोग के साथ था और चुनाव हारने के बाद भी सभी के साथ रहूंगा। किसी भी विषम परिस्थिति में मैं उनके पीठ पर खड़ा हूं। हमारे कोई भी लोग अपने आप को कमजोर ना समझे और ना ही उदास हो। कहा कि वे सेवा भाव से ईमानदारी पूर्वक क्षेत्र के विकास के लिये अपने कार्यकाल में अनवरत कार्य किये हैं और जब तक शरीर में खून है तब तक वे करते रहेंगे। इस बार के चुनाव में भी पार्टी कार्यकताओं ने खूब मेहनत किया है। वहीं क्षेत्र की जनता ने भी भरपूर समर्थन दिया है। शाही ने कहा चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है। वे चुनाव हारे हैं, हौसला नहीं हारे हैं। उन्होंने चुनाव में जीते हुये प्रत्याशी अनंत प्रताप देव को बधाई दी है और कहा कि जो उन्होंने बेरोजगारों को रोजगार भवनाथपुर में पावर प्लांट खुलवा कर देने का वादा किया है वह उसे पूरा करें और हमारे मजदूर भाई को पलायन करने से रोकें। अब अगर हमारे क्षेत्र में किसी भी एक मजदूर भाई की बाहर से लाश आती है तो इसका जिम्मेदार अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी होंगे।

इसलिये उन्होंने जो झूठा वादा कर जनता को ठगने का काम किया है उसे पूरा करके दिखाये। मौके पर शारदा महेश प्रताप देव, भगत दयानंद यादव, राजीव रंजन तिवारी, लक्ष्मण राम, शैलेश चौबे, मुकेश चौबे, विकास स्वदेशी, कनिष्क कुमार, विकास पांडेय, विजयालक्ष्मी सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन को 14 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथग्रहण करने की खुशी में कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** झारखंड राज्य में हेमंत सोरेन 14 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथग्रहण करने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई रंका के कार्यकतोओं ने रंका चेकनाका चौक पर नारा लगाते हुए जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाइयां बांटकर कर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आफताब आलम, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, युवा प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष रवि, युवा कंचनपुर पंचायत सचिव राजीव ठाकुर, युवा पंचायत उपाध्यक्ष सत्येन्द्र रवि, वरिष्ठ युवा नेता मनोज गुप्ता, राजू रवि, योगेन्द्र रवि, सिंह जी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्रमदान कर की गयी मदरसा की क्षत की ढलाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के बाना गांव स्थित गौसिया सेराजे मिल्लत मदरसा के छठ की ढलाई बुधवार को गांव के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने श्रमदान किया। बता दें कि मदरसा का निर्माण गांव के लोगों द्वारा सामूहिक सहयोग से किया गया है। निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले लोगों ने कहा कि मदरसा के निर्माण हो जाने से बाना सहित आसपास गांव के बच्चे उर्दू की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। सदर इशहाक अंसारी ने निशुल्क जमीन दाता शमसुद्दीन अंसारी तथा सक्रिय भूमिका निभाने वाले इमाम मौलाना सिराज अंसारी को निर्माण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आभार व्यक्त किया। बताया गया कि गांव पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं तथा बच्चों ने भी अपने सामर्थ्य के अनुसार पैसा, गहना तथा अन्य आवश्यक सामग्री देकर ढलाई कर को पूरा करने में अपनी सहभागिता निभाई।

निर्माण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने वालों में सेक्रेटरी मुस्ताक अंसारी, खजांची रियाज अंसारी, मोहम्मद अजहर, एजाज अंसारी, सरताज अंसारी, सफीक अंसारी, वकील अंसारी आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# फांसी के फंदे से झूलता हुआ महिला का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित मस्जिद टोला निवासी जन्नत अंसारी की 25 वषीर्या पत्नी रिजवाना खातून की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गयी है। रिजवाना का शव गुरुवार की अहले सुबह घर में फासी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रमना थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा स्थित सदर अस्पताल भेज दिया ही।

मृतका की दो मासूम बच्ची है। समाचार लिखे जाने तक मामले का खुलासा नही हो सका है। मृतका के पिता डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी शकील अंसारी के अनुसार रिजवाना के ससुरवाले हमेशा प्रताड़ित किया करते थे जिससे रिजवाना हमेशा परेशान रहती थी। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। जांचोपरांत नियमाकुल कार्रवाई की जायेगी।

# सड़क बनते ही पड़ने लगी दरार दोबारा तोड़कर बनायी जा रही

## जिला पार्षद ने केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री को लिखा पत्र, जांचोपरांत कार्रवाई की मांग

## मामला पड़वा मोड़ से शंखा तक एनएच 39 फोरलेन सड़क का हो रहा निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता


**विश्रामपुर/पलामू।** शंखा से रेहला तक एनएच 39 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता निम्नतर की है। एक तरफ से सड़क का निर्माण कार्य चल रहा, तो दूसरी ओर नवनिर्मित सड़क दर्जनों जगह दरकने लगी है। जिसे फिर से तोड़ कर बनाया जा रहा है। बताते चलें कि भागीडीह से शंखा तक एनएच 75 फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य भारत वाणिज्य की ओर से कराया जा रहा है। विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने गुरुवार को निमार्णाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाया। कहा कि सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारत वाणिज्य प्राक्कलन की अनदेखी कर रही है। भारावट में लाल मोरंग मिट्टी के बजाए काली केवली मिट्टी का प्रयोग किया गया है, जिस कारण सड़क जगह-जगह से दरक रहा है। आगे सड़क के धंसने का खतरा भी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत वाणिज्य कंपनी द्वारा निमार्णाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव भी नहीं कराया जा रहा है। जिससे सड़क पर सारा दिन धूल उड़ रहा है।

इससे सड़क पर लोगों का चलना दुभर हो गया है। जिसकी शिकायत करने या उसका विरोध करने पर कंपनी द्वारा ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। कहा कि इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की गयी है। जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

# खुले आसमान के नीचे जीवन यापन, बिजली और अन्य समस्याओं से ग्रसित है मुसहर समाज

**मुसहर समाज के लोग बोले - हमलोग आवास विहीन हैं और राशन, पेंशन भी सबको नसीब नहीं है**













जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट कई दशकों से निवास करने वाले मुसहर समाज के लोगों को ढिबरी युग और जुगी झोपड़ी में रहने को विवश हैं। ग्रीष्म ऋतु में प्रचंड धूप हो या शरद ऋतु में कड़ाके की सर्दी, लोगों को मजबूरन प्लास्टिक और फटी पुरानी कपड़ों से बना झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। मुशहर समाज के ललन मुशहर, कईली देवी, रंजु देवी, खेसारी मुशहर, अनिल मुसहर, दिनेश, उमेश सहित अन्य बताते हैं कि कुछ वर्ष पहले हम लोगों का आधार कार्ड, पहचान पत्र तत्कालीन बीडीओ सोमा उरांव के द्वारा बनवा दिया गया था। हम लोग मुखिया के चुनाव विधायक का चुनाव और सांसद का चुनाव में वोट भी डालते आ रहें हैं। परंतु आज तक हम लोगों को बिजली की सुविधा और रहने के लिए आवास मुहैया नहीं कराई जा सकी । हमलोग आवास विहीन हैं और अंधेरों में ही रात गुजारने को विवश है। बताया की जहरीली जंतुओं को काटने का भय व्याप्त रहता है। शाम होते ही हम लोग अपने झोपड़ीनुमा जुगी झोपड़ी में अंदर हो जाते हैं। बिना लाइट बत्ती के ही हम लोग ढिबरी युग में जी रहे हैं। साथ ही बताया कि मुसहर समाज के कुछ ही लोगों को राशन और पेंशन मिलता है। वहीं बबलू, मुकेश, राजा, राजकुमार, सोनाली देवी सोनी देवी रीना देवी उर्मिला देवी कुन्ती कुंवर व ललिता देवी ने बताया की तीन पीढी से हम लोग आवास तथा बिजली जैसी समस्या से जूझते आ रहे हैं। किसी तरह मांग खाकर अपना गुजारा कर रहे हैं। गर्मी और ठंडी के दिनों मे हम लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ जाता है। बताया कि अभी ठंडी आ गयी अब हम लोगों के पास गर्म कपड़े और कंबल नहीं है। किसी तरह आग के सहारे जीवन बिता रहे हैं। मुसहर समाज के लोगों ने नम्रता पूर्वक जिले के वरीय पदाधिकारी और प्रखंड के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारी से मांग किया है कि बिजली, राशन, पेंशन और आवास की मुहैया जल्द कराई जाए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर पीडीजे ने अधिवक्ताओं के साथ की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** 14 दिसंबर 2024 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटारा कर आम जनता को राहत पहुंचायें-मनोज कुमार सिंह लातेहार। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के निदेशानुसार 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत को आयोजन होना है। इसकी तैयारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रही है। गुरूवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला के अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर ज्यादा से ज्यादा वादों का निपटारा राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने की अपील की। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में जितना अधिक हो सके वादों का निपटारा कर आम जनता को राहत दिलाने में न्यायालय की सहायता करें। उन्होंने कहा कि वादों के निपटारा में अधिवक्ताओं का अहम योगदान होता है। ऐसे में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल बनाने में अधिवक्ता अहम भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विभिन्न न्यायालयों एवं न्यायालय के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा वादों में वादकारियों को नोटिस कर बुलाएं को आपसी बातचीत के माध्यम से सुहन कराने का प्रयास करें, इसमें अधिवक्तागण का भी सहयोग होगा। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चैरसिया एवं बार एसोसिएशन लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद, बृंद कुमार, सुनिल कुमार, पंकज कुमार, युधिसठीर गिरी सहित अनेकों अधिवक्ता मौजूद थे।

## सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर को अपराधियों ने किया आग के हवाले



**खूंटी (आजाद सिपाही )।** तोरपा थाना क्षेत्र के कतारी मोड़ से सोनपुर गढ़ तक बन रही सड़क के निर्माण कार्य में लगे एक रोड रोलर को अज्ञात अपराधियों ने बुधवार की देर रात आग के हवाले कर दिया। इससे रोड रोलर पूरी तरह जलकर बर्बाद हो गया। जानकारी के अनुसार इस सड़क का निर्माण कार्य खूंटी के शिव कुमार साहू नामक संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। बुधवार से ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू हुआ है और देर रात अपराधियों ने रोड रोलर को जला दिया। अपराधियों ने दो अन्य मशीनों को भी जलाने का प्रयास किया, लेकिन उसमें वे सफल नहीं हुए। इस संबंध में तोरपा थाने में मामला दर्ज किया गया है। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि संभवतः यह कुछ आपराधिक तत्वों की करतूत है। वैसे पुलिस्र इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि कहीं इसमें किसी उग्रवादी या नक्सली संगठन का हाथ तो नहीं है।

## एसडीएम ने किया बालू घाटों का औचक निरीक्षण, बालू लदा दो हाइबा जब्त



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही )।** प्रखंड क्षेत्र के जारगोडीह और जेएसएमडीसी बालू घाट का एसडीएम विकास कुमार राय ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बालू घाट जाने के रास्ते में ही दो हाइबा को जब्त कर इचागढ़ पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने जेएसएमडीसी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। कार्यालय में लेखा बही नहीं मिलने से उन्होंने जेएस एमडीसी कर्मियों को फटकार भी लगाये। उन्होंने आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में ही रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जेएसएमडीसी के बालू प्रभारी ओपी सिंह को कार्यालय के आगे सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया। एसडीएम राय ने अंचलाधिकारी को दोनों जप्त हाइबा का चालान आदि जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि बालू घाटों का निरीक्षण में जने के दौरान दो बालू लदे हाइबा को जप्त किया गया। उन्होंने कहा कि चालान मांगने पर चालान नहीं दिखा पाया। उन्होंने कहा कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अवैध धंधा किसी भी सुरत में चलने नहीं दिया जायेगा। लगातार छापेमारी अभियान चलाया जायेगा।

## मैकलुस्कीगंज में ठंड ने पकड़ी रफ्तार, रोज गिर रहा है तापमान



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज में ठंड ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया कहीं कहीं तापमान सात डिग्री सेल्सियस भी दर्ज किया गया। सुबह से छाए कोहरे और लगातार चल रही सर्द हवाओं के कारण यहां का तापमान दिन प्रति दिन गिरता जा रहा है। आने वाले दिनों में तापमान और अधिक गिरने की संभावना है। मैकलुस्कीगंज में सुबह से ही आंषिक रुप से कोहरा छाया रहता है। आंशिक कोहरे के कारण विजिबिलिटी भी कम रही। दिन दस बजे कोहरे का असर कम होने व सूर्य देव के दर्शन होने के बाद लोगों को थोड़ी राहत मिली। वहीं दिन में भी सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गयी है जिससे आबादी घरों में कैद होने को मजबूर हैं। अधिकांश लोग सुबह अपने कार्य निपटाने देर से निकल रहे हैं और जल्दी घरों में लौट जा रहे हैं। ठंड बढ़ने से अधिक परेशानी विद्यार्थियों और अभिभावको को हो रही है। ठंड में विद्यार्थी देर से विद्यालय पहुंच रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी मैकलुस्कीगंज में कड़ाके की ठंड पड़ा था, तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया था।

## सोनेट बुंडू ने जेसीए अड़की को हराकर फाइनल में पहुंचा

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** खूंटी में खेली जा रही हैं बी डिवीजन क्रिकेट लीग मैच में गुरुवार को सोनेट बुंडू ने जेसीए अड़की को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जेसीए अड़की पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 209 रन बनाया जिसमें सौरव ने 103 रन बनाया, सोनेट बुंडू के तरफ से आबिद अंसारी ने तीन विकेट लिया एवं चंदन कुमार ने 2 विकेट लिया, सोनेट बुंडू दूसरी पारी खेलने उत्तरी 22 ओवर में 213 रन बनाकर मैच जीत लिया जिसमें सोनेट बुंडू के आबिद अंसारी को मैन ऑफ द मैच का पुस्कार दिया गया।

## विज्ञान सह कला प्रदर्शनी का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल बुंडू में गुरुवार को वार्षिक विज्ञान सह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उदघाटन स्कूल के सचिव फादर रंजीत लकड़ा और वाइस प्रिंसिपल विवियाना टेटे के द्वारा किया गया। प्रिंसिपल फादर सोरेंग ने कहा कि बच्चे छोटे वैज्ञानिक हैं उनकी क्रियात्मक कार्य ही विज्ञान प्रदर्शनी है इस वर्ष की प्रदर्शनी का थीम था। विज्ञान और पर्यावरण के प्रति जागरूकता जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया प्रदर्शनी में कक्षा 1 से लेकर 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मॉडल और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल संरक्षण सौर ऊर्जा स्मार्ट सिटी जल कृषि जैविक खेती जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपनी प्रस्तुति दी छोटे बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट के माध्यम से अपनी सृजन कला को प्रदर्शित किया। स्वचालित सिंचाई प्रणाली तथा जल कृषि प्रोजेक्ट एवं दुर्घटना रहित रेलवे प्रणाली जैसे प्रोजेक्ट लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा बच्चों की कलाकृतियों को भी लोगों ने बहुत पसंद किया। इस प्रदर्शनी का अभिभावक को और संत जेवियर इंटर कॉलेज संत जेवियर हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आनंद लेते हुए बहुत कुछ सीखा। इस अवसर पर संत जेवियर इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल अनूप एक्का सहित इंटर कॉलेज और हाई स्कूल के शिक्षक और शिक्षेकेतर कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### खूंटी के डालसा सभागार में बच्चों से संबंधित प्रशिक्षण का शुभारंभ

## पीड़ित बच्चों को अधिकार दिलाने में डालसा हमेशा तत्पर : प्रधान जिला जज

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नयी दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में दो डालसा के सभागार भवन में दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ गुरुवार को दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पैनल अधिवक्ता और पीएलबी को संबोधित करते हुए प्रधान जिला जज ने कहा कि बच्चे आज के देश के भविष्य और कल के पिता हैं। शहरी, ग्रामीण क्षेत्र या दूर दराज के क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले बच्चों को उनसे जुड़ी जो भी समस्याएं है, जैसे पलायन, फोस्टर केयर से वंचित बच्चे, बाल विवाह पीड़ित बच्चे, बाल श्रम से पीड़ित बच्चे और अन्य लाभ से वंचित बच्चों के लिए डालसा हमेशा से कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित पैनल अधिवक्ता और पीएलबी ने सभी इसमें सहयोग की अपील की। बच्चों से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता गण और पीएलवीस ने उपस्थित होकर एक दिवसीय प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम में जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी, पैनल अधिवक्ता औरं पीएलबी उपस्थित थे। यह जानकारी डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## आउटसोर्सिंग कंपनियां असंगठित मजदूरों का कर रही हैं शोषण : अब्दुल्ला अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** असंगठित मजदूरों की बैठक डकरा में गुरूवार को अशोक सिंह के अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मजदूरों की समस्या को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि एनके एरिया में असंगठित मजदूरों की शोषण आउटसोर्सिंग कम्पनी जमकर कर रही है। कहा कि एनके एरिया में अभी काम कर रहे मधुकम कंपनी झारखंड सरकार के नियम का उलंघन कर रहा है। सरकार नियम बनायी है की आउटसोर्सिंग कंपनी में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार देना है पर मधुकम कम्पनी में दस प्रतिशत भी स्थानीय लोगों को रोजगार नही दिया गया है। कहा कि जिनको यहां रोजगार दिया भी गया है उन मजदूरों को भी कंपनी शोषण कर रही है। मजदूरों से आठ घंटा के जगह बारह घंटे काम लिया जा रहा है। कहा कि महीना में 26 दिन ही मजदूरों से काम लेना है तथा चार दिन रेस्ट भी देना है पर उसका भी इस कंपनी में उलंघन किया जा है। वेतन भी तय नियम के अनुसार नही दिया जा रहा है। अंसारी ने एनके प्रबंधन से मांग किया है कि मधुकम सहित एनके एरिया में काम कर रही सभी आउटसोर्सिंग कम्पनी में झारखंड सरकार द्वारा असंगठित मजदूरों के लिये बनाया गया कानून को लागू करवाने का मांग किया है। कहा कि एनके प्रबंधन जल्द ही पहल करें नहीं तो इस समस्या को लेकर आंदोलन किया जायेगा। बैठक में सुनील सिंह, अमजद खान, सलामत अंसारी, कृष्णा सिंह, धर्मेन्द्र चैहान, राकेश चैहान, अफजल अंसारी, मिथुन राणा, राहुल कुमार, शिवा तुरी, सोनू तुरी, सुशील कुमार, अजय कुमार, अनिल साव, मैनुद्दीन अंसारी, संदीप कुमार, सन्नी चैहान आदि लोग शामिल थे।

## जेवलीन थ्रो में सन्नी मुंडा, अंश, डिस्कस थ्रो में सन्नी मुंडा और रोशनी ने जीता स्वर्ण पदक

आजाद सिपाही संवाददता



**सिकीदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान के द्वारा सिकीदिरी फुटबॉल मैदान में चल रहे खेल महोत्सव 2024 के पांचवे दिन भाला फेंक स्पर्धा में सिनियर बालक वर्ग में सन्नी मुंडा ने स्वर्ण पदक, प्रकाश गंझू रजत, पंकज मुंडा को कांस्य, जूनियर वर्ग में अंश महतो स्वर्ण पदक, सुदेश कुमार रजत, भूमिदेव मुंडा कांस्य पदक, डिस्कस थ्रो सिनियर बालक वर्ग में सन्नी मुंडा स्वर्ण पदक, आशुतोष करमाली रजत, जैकी करमाली कांस्य पदक, सिनियर बालिका वर्ग में रोशनी कुमारी स्वर्ण पदक, चंचल कुमारी रजत मौफी कुमारी ने कांस्य पदक जीता सभी विजेता खिलाडियों को मुख्य अतिथि डॉ. बिरसा उरांव, विशिष्ठ अतिथि इंजीनियर राहुल देव उरांव व खूंटी जिला प्रचारक संतोष कुमार साह ने पदक एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि सुजीत कुमार और उनकी टीम ने इस सुदुर क्षेत्र में बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का जो बीड़ा उठाया है। वह अति सराहनीय कदम है और इस खेल महोत्सव में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं पहले कहावत थी पढ़ो और बढ़ो अब मैं कहता हूं खेलों और बढ़ो। अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी महासचिव सत्यपाल राउत, सचिव राजकुमार, मिडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, सक्रिय सदस्य विजय सिंह, राष्ट्रीय तैराकी कोच पिंकी कुमारी, गोविंदा कुमार, कमलेश पाहन, संदीप कुमार वर्मा, रांची जिलाध्यक्ष संजय कुमार गुड्डु, सरायकेला जिलाध्यक्ष कमलकांत साव, संजू गोस्वामी, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, ब्रजकिशोर प्रसाद, माघु करमाली, प्रदीप कुमार, निर्णायक मंडली के संजय राणा, टिकेश्वरी पांडेय, ऋषि सिंह, नागेश्वर सिंह, विजय रजवार, विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, बबलू मुंडा, जितवाहन पाहन, गोपाल मुंडा आदि मौजूद थे।

## नावाडीह में सुरेश बैठा की जीत पर मोर्चा ने बांटी मिठाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** कांके विधानसभा क्षेत्र से सुरेश बैठा की जीत और हेमंत सोरेन के दुबारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की खुशी में नवाडीह में रैयत विस्थापित मोर्चा ने मिठाई बांटी। विस्थापित मोर्चा के रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के द्वारा नाबाडीह मोना टोला में सुरेश बैठा का कांके विधानसभा से जीत और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण की खुशी में जश्न मनाते हुए गांव में मिठाई बांटी गयी और हर्ष व्यक्त किया गया। शिवनारायण लोहरा ने कहा कि कांके विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित विधायक सुरेश बैठा की जीत से ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है और अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का विकास और तेज गति से होगा। मौके पर विनोद मुंडा, अजय लोहरा, विजय लोहरा, भरत यादव, राधा देवी, नगीना देवी, मीना देवी, अनिता देवी, सविता देवी, संतू देवी, रामदेव लोहरा, सोना कुमार, रामबिलास लोहरा सहित कई लोग शामिल है।

## पार्क निर्माण को लेकर सरस्वती देवी ने जिला अभियंता के साथ किया स्थल निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड स्थित डीएसपी कार्यालय के पीछे शीघ्र ही एक बड़े पार्क का निर्माण होगा। पार्क निर्माण को लेकर गुरूवार को खलारी पष्चिमी जिप सदस्य सरस्वती देवी के नेतृत्व में जिले से आये जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम सहित अन्य अभियंता और संवेदक ने स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही पार्क के लिये स्थल का नापी किया गया। पार्क में लोगो को घुमने के लिये पैदल पथ, बच्चों के लिये कई तरह के झुला, लोगों के बैठने के लिये बेंच और छतरी आदि का निर्माण कराया जायेगा। मौके पर जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम और जिप सदस्य सरस्वती देवी ने संवेदक को गुणवत्ता पूर्वक काम कर जल्द काम पुरा करने का निर्देश दिया। कहा कि पार्क निर्माण होने से खलारी के लोगो को घुमने और मनोरंजन का एक बेहतर साधन मिलेगा। स्थल निरीक्षण में जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम के अलावे कनीय अभियंता संजीत कुमार, सहायक अभियंता परमानंद पासवान, आकाश सिंह संवेदक, रामसुरत यादव, रंजन सिंह बिट्ठु, दिलीप पासवान, सागर गोप, प्रमोद प्रजापति, सत्येन्द्र खरवार सहित अन्य उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने बिरहोर परिवार की महिलाओं को किया प्रशिक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने गुरुवार को बिरहोर समुदाय की 30 महिलाओं को बांस से बने उत्पाद बनाने का 15 दिन का प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए। साथ ही परियोजना ने 32 बिरहोर परिवारों को सोलर लाइट्स भी वितरित की। यह पहल चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के संस्कृती महिला समिति द्वारा संचालित की गयी थी। यह सारे कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। बीरहोर जनजाति विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह का हिस्सा हैं। प्रमाणपत्र वितरण समारोह में राखी गुप्ता, उपाध्यक्ष संस्कृती महिला समिति, सरोज सिंह महासचिव और रंजना रावत सदस्य संस्कृती महिला समिति ने प्रमुख रूप से भाग लिया। इस अवसर पर श्रीमती राखी गुप्ता ने कहा हमारा उद्देश्य बिरहोर समुदाय की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। बांस से उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण और सोलर लाइट्स वितरण से इन महिलाओं के पास नया रोजगार विकल्प और उनके घरों में रोशनी का एक सशक्त साधन होगो बांस उत्पादों का प्रशिक्षण बिरहोर समुदाय की महिलाओं के लिए अत्यधिक लाभकारी है। इससे उन्हें न केवल एक नया कौशल प्राप्त हुआ है बल्कि यह उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी देता है। बांस से बने उत्पादों की बढ़ती मांग से इन महिलाओं को स्थिर रोजगार मिलेगा और वे अपने परिवारों का भरण-पोषण बेहतर तरीके से कर सकेंगी। सोलर लाइट वितरण से बिरहोर समुदाय के 32 परिवारों के घरों में बिजली की समस्या का समाधान होगा जिससे रात के समय में वे बेहतर तरीके से काम कर सकेंगे और उनका जीवन स्तर उन्नत होगा।

## बीडीओ ने बीएलओ को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**टंडवा।** लोक सभा और विधान सभा के आम चुनाव में सर्वाधिक मतदान होने पर टंडवा प्रखंड के बीएलओ और अन्य कर्मियों को बीडीओ देवलाल उरांव ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित। इस मौके पर बिनोद रवानी, मुरारी पांडेय, नजीर सुबोध कुमार, परवेज आलम, समेत अन्य कई शामिल थे।

### खूंटी में रांची यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट शुरू

## 1500 मीटर दौड़ में खूंटी के हीरा सांगा को मिला प्रथम स्थान

आजाद सिपाही संवाददता



**खूंटी।** बिरसा कॉलेज खूंटी में गुरुवार से तीन दिवसीय रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट शुरूआत हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू डॉ सुदेश महतो ने गुब्बारा उड़ाकर और मशाल प्रज्वलित कर किया। इस दौरान खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलायी गयी। साथ ही प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों द्वारा बैंड की धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट भी किया गया। मौके पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ सुदेश महतो ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद खूंटी के जिला शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार और डीएवी स्कूल खूंटी के प्राचार्य मनोजेश्वर कुमार ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया। बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो जीके किड़ो ने स्वागत भाषण में कॉलेज के खेल की बात करते हुए उसे और अधिक सुदृढ़ करने की मंशा जाहिर की। उन्होंने बताया कि खेल से किस प्रकार आगे बढ़ा जा सकता है और यह किस प्रकार हमारे जीवन को प्रभावित करता है। एथलेटिक्स मीट के प्रथम दिन महिला पुरुष वर्ग में आयोजित कुल छह प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लिया। महिला वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में बिरसा कॉलेज की हीरा सांगा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि केओ कॉलेज गुमला की चंद्रमुनी उरांव ने द्वितीय और बिरसा कॉलेज खूंटी की शिलवंती कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में प्रदीप कुमार प्रथम, रामबिकास पासवान ने द्वितीय तथा कालो मुंडू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग के ऊंची कूद में प्रतिभा कुमारी,फुलमनी कुमारी, जेनिस टोप्पो ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग के गोला फेंक प्रतियोगिता में भारती कुमारी, खुशी राठौड़ और गोल्डी कच्छप ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग के ऊंची कूद में सूरज पासवान, विशाल कुमार और आयुष गुड़िया ने पदक हासिल किया। जबकि पुरुष वर्ग के गोला फेंक में सन्नी चौहान, समीर उरांव और सुमन महतो ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बिरसा कॉलेज के खेल प्रभारी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिरसा कॉलेज को एथलेटिक्स मीट के आयोजन की जिम्मेवारी मिली है। यह आयोजन तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें कई कॉलेजों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित सभी कर्मचारी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### भागवत कथा में पहुंचे रांची के नवनिर्वाचित विधायक,रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर किया संबोधित

# सास-बहू खुद को मां-बेटी समझने लगे, तो परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी : सीपी सिंह

**कहा- भागवत कथा जीवन के दुखों को हरने वाला है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** अमेठिया नगर में आयोजित भागवत कथा के छठे दिन गुरुवार को रांची के नवनिर्वाचित विधायक सीपी सिंह ने भाग लिया। उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। आयोजक मंडली के मुन्ना सिंह, गुडू सिंह, निलेश झा, ममता सिंह और अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से शॉल ओढ़ा कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। कथावाचक आचार्य पंडित संजय कृष्ण त्रिपाठी ने विधायक को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कथा में रुक्मिणी विवाह का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। वहीं, विधायक ने कहा कि भागवत कथा जीवन के दुखों को हरने वाला है। कथा का श्रवण मात्र से दुख कम होने लगते है। उन्होंने परिवार में सास-बहू के संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि यदि दोनों खुद को मां-बेटी समझें तो परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उन्होंने युवाओं को भी जीवन में आध्यात्मिकता अपनाने और सत्कर्मों की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन पंडित धनंजय त्रिपाठी ने किया। भागवत कथा में मनोज कुमार सिंह, शत्रुधन सिंह, संतोष राय, सुभाष प्रसाद, अजय सिंह, अरुण तिवारी, ललन तिवारी, ममता सिंह सहित सैकड़ों भक्त शामिल हुए।



भागवत कथा में शामिल होकर आशीर्वाद लेते विधायक सीपी सिंह।

## बेड़ो के खिरदा गांव में पुआल के ढेर में लगी आग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खिरदा गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप खलिहान में रखे पुआल के ढेर में गुरुवार तड़के तीन बजे भीषण आग लग गयी। जिससे पांच किसान शिवनाथ चिक बड़ाइक, शैलू चिक बड़ाइक, प्रदीप चिक बड़ाइक, शनि उरांव और बिरसा उरांव के पुआल जल गये। आग इतनी भयावह थी कि पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। जिस समय आग लगी लोग अपने घरों में सोए हुए थे। पर बस चालक महावीर लोहरा जो प्रतिदिन अहले सुबह उठकर जाते है उसने आग देखा और पीड़ित परिवारों को सूचना दी। इधर, आग लगने की खबर मिलते ही सेना के जवान अनिल चिक बड़ाइक ने अग्निशमन विभाग को खबर दी। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग का वाहन मौके पर पहुंचा और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग लगने के कारणों का अबतक पता नहीं चल सका है। इस घचना में पांचों किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि इस वर्ष धान की अच्छी फसल हुई थी। पर आग लगने से पुआल जलकर राख हो गया। अब साल भर के लिए जानवरों के चारा कहां से जुगाड़ करेंगें। वहीं, समाजसेवी सह पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा व उप मुखिया पंकज कुजूर ने पांचों प्रभावित किसानों को आपदा प्रबंधन के तहत अंचलाधिकारी से मुआवजा देने की मांग की है।

## वाहन के धक्के से गुमला के युवक की नगड़ी में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नारों बाजार के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान दीपक उरांव (29) के रूप में हुई है। घटना गुरुवार तड़के चार से पांच बजे के बीच की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक किसी अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी थी। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह होते ही लोगों की नजर शव पर पड़ी तो इसकी सूचना नगड़ी थाने को दी। कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पता चला है कि मृतक गुमला जिले का रहने वाला था। इसकी सूचना मिलते ही उसके परिजन नगड़ी थाना पहुंचे और शव को पुलिस से आग्रह कर बगैर पोस्टमार्टम कराए ही घर ले गए।

## अवैध कोयला लदा टर्बो जब्त, चालक-खलासी फरार



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू पुलिस ने अवैध कोयला तस्करो पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रबो ट्रक को जब्त किया है। जिसमें अवैध कोयला लदा था। इससे माफियाओं मे हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी रितेश कुमार ने बताया है अवैध कोयला परिवहन की सूचना मिलने के बाद कार्रवाई की गयी। पुलिस मौके पर पहुंची तो चालक तेज रफ्तार से वाहन को बुढ़मू-मांडर सड़क की ओर भगाने लगा। पर पुलिस ने पीछा शुरू कर दिया। यह देख चालक ने ट्रक को कोटारी के जंगलों के पास छोड़ कर भाग निकला। जिसे पुलिस जब्त कर बुढ़मू थाना ले आयी। थाना प्रभारी ने बताया की किसी भी हाल मे अवैध परिवहन करने नहीं दिया जाएगा।

### ईंट भट्ठों मे बेचा जा रहा तस्करी का कोयला

ईंट भट्टों का सीजन शुरू हो चूका है। इसी के साथ क्षेत्र मे अवैध कोयला तस्करी की शुरूआत भी हो चुकी है। कोयला तस्कर अवैध तरीके से चोरी कर लाये गए कोयले को आसपास के ईंट भट्ठों में खपा कर लाखों रुपये कमाते हैं। जबकि सरकार को इससे राजस्व की क्षति होती है। बतातें चलें कि बुढ़मू-मांडर पथ पर कई ईंट भट्ठे हैं जिसपर तस्करी का अवैध कोयला खपाया जाता है।

### मधुबन के नारायण धोड़ा में कोयला तस्कर ज्वाला को बोलबाला, पुलिस-प्रशासन मौन

**महुदा (आजाद सिपाही)। मधुबन थाना अंतर्गत नये महुदा-राजगंज फोरलेन सड़क किनारे स्थित शान होटल एंड ढाबा के विपरीत दिशा में ज्वाला नामक कोयला तस्कर की ओर से अवैध कोयला डिपो संचालित किया जा रहा है। सबकुछ जानते हुए भी पुलिस मौन बनी हुई है। इस डिपो में बाघमारा क्षेत्र में स्थित अवैध खदानों से कोयला तस्कर के बाइकर्स गैंग के गुर्गो द्वारा बाइक से कोयला डंप किया जाता हैं। तस्कर कोयले की माप के लिए उक्त डिपो में माप मशीन लगाकर बाइक से लाये कोयले को मापते हैं, फिर उसे ट्रकों के माध्यम से दूसरे प्रदेश में ऊंचे कीमतों में बेचकर मालामाल हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस कारोबार को लेकर इससे जुड़े तस्कर एक फर्जी पासिंग के जरिये स्थानीय थाना से सेटिंग कर अपने कारोबार को चला रहे हैं। लोगों का कहना हैं कि माफिया तंत्र इसके लिए सभी सुरक्षा तंत्र को तयसुदा एक मोटी रकम देते हैं। इनके कई गुर्गे आसपास सुरक्षा में तैनात रहते हैं। जो हर आने जाने वालों की निगरानी करते हैं। इनके हौसले इतना बुलंद हैं कि अगर गलती से भी कोई उस ओर चला जाए तो उसके साथ बुरी तरह मारपीट करते हैं। बताते चले कि पूर्व के दिनों में इसी कोयला डिपो को लेकर नारायण धौड़ा में कोयला तस्करो ने गोलिबारी एवं बमबाजी कर एक दुकान को आग के हवाले करते ग्रामीणों के साथ बुरी तरह मारपीट की घटना को अंजाम दे चूका हैं। कारोबार की सचाई जानने जब आजाद सिपाही का संवाददाता उक्त स्थल पहुंचा तो वहां भारी मात्रा में अवैध कोयला डंप किया हुआ था। हैरत की बात तो यह है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन तो इस पर अंकुश लगाने में नाकाम दिख रही है।**

## डालसा ने वृद्धजनों के बीच कंबल और खाद्य सामग्री बांटी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए झालसा के निर्देश पर रांची डालसा की ओर से गुरुवार को नगड़ी वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों के बीच कंबल और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही वृद्ध आश्रम अपना घर हेसाग में स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया। जिसमें चिकित्सकों ने वृद्ध महिलाओं के स्वास्थ की जांच की और उनके बीच दवा का वितरण किया। इस अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बताया गया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए आगे भी डालसा की ओर से रांची जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच कंबल व खाद्य सामग्री का वितरण किया जायेगा। साथ ही ज़िला प्रशासन के सहयोग से उनके आश्रय की व्यवस्था भी की जायेगी।

इस मौके पर झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना, उप सचिव अभिषेक कुमार, अवर सचिव दीपक कुमार साहू, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, पीएलवी विक्की कुमार चौधरी आदि पीएलवी मौजूद थे।

## लापुंग प्रखंड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मुख्यालय होने के बावजूद यहां की जनता मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। प्रखंड में शुद्ध पेय जल की कमी है। यहां के लोगों को मुख्य पथ पर बाजारटांड़, अस्पताल, थाना, ब्लॉक चौक व बिरसा चौक के बीच लगभग दो किमी तक कहीं भी शौचालय की सुविधा नहीं है। विशेष कर यहां से गुजरने वाली महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। झाड़ी व यत्र तत्र लघु शंका के लिए जाते है। मुख्य पथ पर पेय जल और शौचालय की समस्या झारखंड राज्य अलग होने व पंचायती राज के 15 वर्ष बीत जाने के बाद भी बरकरार है। प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में तीन सामुदायिक शौचालय है पर सभी कबाड़ हो चुके है। सभी के दरवाजा दीमक चाट गए हैं। पिन टूटा हुआ है। शौचालय बनने के साथ ही पानी की समस्या शुरू हो गयी। इसकी सुधी लेने वाला कोई नहीं है।

## दुर्घटना में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रूगड़ी गांव के पास सिल्ली रांगामाटी सड़क पर गुरुवार की शाम करीब 6 बजे सिल्ली की ओर से अपना बाइक पर पत्नी के साथ अपना घर तमाड़ थाना क्षेत्र के रांका जाने के समय अनियंत्रित होकर एक पेड़ से बाइक टकराने से मौके पर गुरुपद स्वांसी, उम्र 35 वर्ष की मौत हो गयी। वहीं पत्नी सुरक्षित बतायी जा रहा है। गुरुपद स्वांसी किसी कार्य हेतु तिरुलडीह थाना क्षेत्र के पॉयलोंग गांव से अपनी पत्नी संग अपना घर लौट रहा था, जहां अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से उसकी मौत हो गयी। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडेय ने बताया कि लाश का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। वही घटना स्थल पर पहुंचे आजसू नेता गुरुचरण महतो ने बताया कि एंबुलेंस यदि समय पर पहुंचता तो गुरुपद स्वांसी का जान बच सकता था।

## आर्ट ऑफ लिविंग विद्यालय परिसरों को बना रहा खुशहाल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक पहल में गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग ने 70 स्कूलों और विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी की है। कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किया हैं। जिसका उद्देश्य एक लाख 78 हजार से अधिक विद्यार्थियों को सुदर्शन क्रिया और अन्य ध्यान तकनीकों के परिवर्तनकारी श्वास अभ्यास से परिचित कराकर सशक्त बनाना है, जो मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक कल्याण और तनावमुक्त वातावरण को बढ़ावा देते हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने यह जानकारी दी। बताया कि गुरुदेव ने अपने संबोधन में कहा है कि बच्चे जब पैदा होते हैं तब वे खुश रहते हैं, लेकिन किशोरावस्था में पहुंचते-पहुंचते नाखुश रहने लगते हैं। हमें उनकी खुशी को बनाए रखने के लिए उपकरण और तकनीक देना बहुत महत्त्वपूर्ण है। बेंगलुरू के आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में गुरुदेव की उपस्थिति में 70 भारतीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापनों पर आधिकारिक तौर पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल आर्ट ऑफ लिविंग की नशामुक्त खुशहाल परिसर बनाने की अटूट प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस समय भारतीय युवाओं में अवसाद की दर 31 फीसदी से बढ़कर 57 फीसदी तक पहुंच चुकी है। ऐसे में आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यक्रम बहुत जरूरी हैं। ये कार्यक्रम छात्रों को तनाव से निपटने, एकाग्रता में सुधार करने, रचनात्मकता बढ़ाने और नेतृत्व करने की क्षमता विकसित करने में मदद करने के लिए श्वास तकनीक, ध्यान और जीवन के कौशल को एकीकृत करते हैं। आर्ट ऑफ लिविंग ने आईआईटी, एनआईटी और अग्रणी विश्वविद्यालयों सहित दुनिया भर के प्रतिष्ठित संस्थानों में इसी तरह की पहल को सफलतापूर्वक लागू किया है।

## वस्त्र वितरण सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के ओबर गांव में रामकृष्ण मिशन आश्रम टीबी सेनेटोरियम टुपूदाना ने गुरुवार को ओबर, रंगामटी बरवाटोली, बदरी एवं बड़कीगोड़ग गांव के 161 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण किया। इस अवसर पर आश्रम के सचिव स्वामी सत्यसंगानन्द जी महराज ने कहा कि अनगड़ा प्रखंड के ओबर गांव में मात्री शक्ति स्वरूपा आप सभी को आश्रम की ओर से एक छोटी सी भेट वस्त्र के रूप में दी गई। हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले समय में बीच-बीच में स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया जाए, ताकी सभी ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। रामकृष्ण मिशन हमेशा से शिव भाव से जिव की सेवा करते आ रही है। मौके पर नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, स्वामी तपस्यानंद जी महराज, पार्थो चटर्जी, एमसी चन्द्र मोहन, फाल्गुनी भट्टाचार्य, राजेंद्र नायक, रामू टोपो, जगदीश भोगता, पहलू बेदिया और श्यामसुंदर बेदिया आदि उपस्थित थे।

## रांची सहित चार जिलों के केसरवानी वैश्य सभा की बैठक एक दिसंबर को

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** रांची सहित चार जिलों के केसरवानी वैश्य सभा की बैठक नगड़ी स्थित केशरी बैंक्विट हॉल में एक दिसंबर को होगी। इसकी जानकारी देते हुए रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष कार्तिक केसरी ने कहा कि संस्था की ओर से जनवरी 2025 में वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन होना प्रस्तावित है। इसी संदर्भ में एक दिसंबर बैठक होनी है। जिसमें रांची जिला के सभी शाखा के अलावा लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिला के अध्यक्ष एवं महामंत्री में शामिल होंगे।

## लीगल सर्विस यूनिट फार चिल्ड्रेन कार्यशाला का समापन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बच्चों को विशेष तौर पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के सर्वोच्च न्यायालय (नालसा) के निर्देश के आलोक में धनबाद में बच्चों के लिए मुफ्त लीगल सर्विस यूनिट के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। इससे पूर्व कार्यशाला में धनबाद डीसीपीओ साधना कुमारी ने बच्चों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं एलएडीसईएस चीफ कुमार विमलेंदु ने किशोर न्याय अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि वात्सल्य योजना के तहत नशे के शिकार 13 बच्चों को मुख्य धारा में लाया है। आज वे अच्छे से रह रहे हैं और पढ़ाई-लिखाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कमेटी देखभाल व संरक्षण योग्य बालकों और विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के संरक्षण और पुनर्वास से संबंधित मामलों में सहायक के तौर पर कार्य करेगी।

### पड़वा मोड़ से शंखा तक एनएच 39 फोरलेन सड़क का हो रहा निर्माण

## सड़क बनते ही पड़ने लगी दरार, आक्रोश

**- जिला पार्षद ने केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री को लिखा पत्र, जांचोपरांत कार्रवाई की मांग**



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** शंखा से रेहला तक एनएच 39 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता निम्नतर की है। एक तरफ से सड़क का निर्माण कार्य चल रहा, तो दूसरी ओर नवनिर्मित सड़क दर्जनों जगह दरकने लगी है। जिसे फिर से तोड़ कर बनाया जा रहा है। बताते चलें कि भागीडीह से शंखा तक एनएच 75 फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य भारत वाणिज्य की ओ्र से कराया जा रहा है। विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने गुरुवार को निमार्णाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाया। कहा कि सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारत वाणिज्य प्राक्कलन की अनदेखी कर रही है। भारावट में लाल मोरंग मिट्टी के बजाए काली केवली मिट्टी का प्रयोग किया गया है, जिस कारण सड़क जगह-जगह से दरक रहा है। आगे सड़क के धंसने का खतरा भी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत वाणिज्य कंपनी द्वारा निमार्णाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव भी नहीं कराया जा रहा है। जिससे सड़क पर सारा दिन धूल उड़ रहा है। इससे सड़क पर लोगों का चलना दुभर हो गया है। जिसकी शिकायत करने या उसका विरोध करने पर कंपनी द्वारा ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। कहा कि इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की गई है। जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

## बेड़ो में धान की कटाई जोरों पर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धान की कटाई और मिसाई का कार्य जोरों पर है। प्रखंड के पुरियो, ईंटा, चरिमा, नगड़ी, करांजी, खत्री खटंगा, जरिया केशा हरिहरपुर जामटोली आदि गांवों में किसान धान की कटाई कर खलिहान पहुंचाने लगे हैं। कई गांवों में किसानों ने खलियान में मशीनों की सहायता से पुआल से धान निकाल रहे हैं। बतातें चलें कि प्रखंड के किसान इस वर्ष धान के बंपर पैदावार होने से काफी खुश हैं। प्रखंड के दिघिया गांव की संगीता देवी व आरती देवी ने धान की कटाई के दौरान बताया कि इस वर्ष समय पर वर्षा की वजह से धान की पैदावार अच्छी हुई है। प्रायः सभी खेतों में भी धान की फसल लहलहा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष घर खर्च रख कर भी 20-25 हजार रुपये के धान बेच सकेंगे। वहीं, नगड़ी निवासी बुधनाथ महतो ने बताया कि इस वर्ष धान की फसल अच्छी होने से किसान को खेतों से धान की कटाई व पुआल से धान निकालने में समय लगेगा। कई जगहों पर धान की कटाई लगभग पूरी हो गई है, जबकि कई जगहों पर ग्रामीण सुबह से शाम तक खेतों में धान की कटाई बोहाई में व्यस्त है।

# मेदिनीनगर शहर के पेयजलापूर्ति फेज दो के निर्माण कार्य को समय पर पूरा करें : सांसद वीडी राम



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पेयजलापूर्ति योजना फेज-2 का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उम्मीद है कि इस परियोजना के धरातल पर उतरने के बाद मेदिनीनगर के 24,711 घरों में पानी की आपूर्ति संभव हो सकेगी। इस पूरे परियोजना की लागत 165 करोड़ रुपए हैं। एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा इसके लिए धन राशि उपलब्ध करायी गयी है। इस कार्य को दो साल में पूरा करना है। इससे एक लाख 23 हजार की आबादी लाभांवित होगी एवं 24,711 घरों में निःशुल्क वाटर कनेक्शन देना है। साथ ही पांच साल तक कंपनी द्वारा इसका संचालन एवं रखरखाव किया जाएगा। इसका नगर निगम पर कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा जो 17 मिलियन लिटर पानी प्रतिदिन साफ करेगा। पानी स्टोर करने के लिए चार टंकी बनाने का कार्य प्रारंभ है। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम इस योजना की स्वीकृति के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। जुडको के पदाधिकारियों से लगातार संपर्क बनाये हुए थे। प्रोजेक्ट निदेशक उत्कर्ष मिश्रा द्वारा हर स्टेज पर सहयोग प्राप्त होते रहा है। झारखंड सरकार के नगर विकास सचिव ने भी इस योजना की स्वीकृति में हर संभव मदद की। सांसद ने इन सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया है। साथ ही आग्रह किया है कि इस योजना का कार्यान्वयन समयावधि के भीतर कराने में सहयोग करें।

## पूर्व नगर अध्यक्ष ने विधायक सुरेश पासवान और दीपक विरूआ को दी बधाई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के पूर्व नगर अध्यक्ष सह राजद के युवा नेता शशि कुमार ने देवघर से राजद विधायक सुरेश पासवान और चाईबासा के झामुमो विधायक दीपक विरूवा से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई दी। कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। उससे राज्य में खुशी की लहर है। उन्होंने आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार के प्रति राज्य के विकास और जनता की सेवा के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को सराहा। कहा कि यह जीत झारखंड की जनता के विश्वास और हेमंत सोरेन की जनहितकारी नीतियों का परिणाम है। इस जीत से राज्य में विकास और समृद्धि का नया अध्याय शुरू होगा। झारखंड विस चुनाव में राज्य की जनता ने झामुमो, कांग्रेस और राजद के महागठबंधन को पूर्ण बहुमत देकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दों पर गठबंधन सरकार के लक्ष्य को साझा किया है। पूर्व नपं अध्यक्ष ने भरोसा जताया कि महागठबंधन की सरकार झारखंड में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी और आने वाले समय में राज्य प्रगति की दिशा में और भी मजबूत कदम बढ़ाएगी।

## लाखों रुपये के सौंदर्यीकरण तालाब का कार्य अधूरा, संवेदक राशि गबन करने की फिराक में

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के बालिका उच्च विद्यालय परिसर में स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य दो वर्षों में भी पूरा नहीं हो सका। यह योजना नगर विकास और आवास विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण के लिए योजना सत्र 2023 और 24 में राशि 6807737 रुपए आवंटित किया गया था। जिसे चार महीने में पूरा किया जाना था। पर अब तक कार्य पूर्ण नहीं हो सका। इसके लिए नगर विभाग की ओर से संवेदक भया इंटरप्राइजेस एजेंसी को दो बार नोटिस भी जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक तालाब में कार्य शुरू नहीं किया गया। शहर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण करने के लिए संवेदक को दो बार नोटिस दिया गया है। योजना का 80 प्रतिशत यानी कि 55 लाख से अधिक राशि भुगतान भी कर दिया गया है। बताया कि भया इंटरप्राइजेस एजेंसी जल्द ही अधूरी सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण नहीं करती तो लाइसेंस ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाएगा। उधर, शहर के कई लोगों ने बताया की तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य में शुरूआत से ही अनियमितता बरती गई है। शुरूआती कार्य के दौरान तालाब के दक्षिण तरफ खड़ी की गई वाल हल्की बारिश में ही भरभरा कर गिर गया था। सौंदर्यीकरण कार्य के नाम पर सिर्फ लूट खसोट हुआ है। वर्तमान में तालाब के इर्द गिर्द गंदगी की भरमार लगी हुई है।

**कारवाई : स्वास्थ्य सहिया की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने चार दिनों में ही सुलझाया**

# ओझागुणी के चक्कर में की थी स्वास्थ्य सहिया की हत्या, तांत्रिक महिला सहित आरोपित गिरफ्तार

**घर में अकेला पाकर पहसुल से गला रेतकर की थी हत्या**

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये लोगों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

**मेदिनीनगर।** तरहसी पुलिस ने 24 नवंबर की देर रात तरहसी थाना अंतर्गत पारपाइन ग्राम की रहने वाली अंजु देवी नामक 32 वर्षीय महिला की हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने बताया कि अंजू देवी की हत्या उसके घर में ही कर दी गयी थी। उस समय कोई अन्य सदस्य घर में मौजूद नहीं ता। इस संबंध में मृतिका अंजू देवी के पति अनुप कुमार के आवेदन पर अज्ञात के विरुद्ध पहशुल से गला रेत कर हत्या करने का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने 25 नवंबर को भादवि की दारा 103(1) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। हत्याकाड़ की जांच के क्रम में पता चला कि पारपाइन गांव निवासी चंदन कुमार (21) वारदात के बाद से ही लापता है। उसकी स्थिति संदेहास्पद लगने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो चंदन के गले पर नाखून के खरोंच के निशान मिले। उसके मोबाइल फोन की जांच की गयी तो पता चला कि जिस समय जांच करने के लिए घटना स्थल पर पुलिस के स्निफर डाग मौके पर पहुंचा था तब चंदन गुगल पर स्निफर डाग से बचने का उपाय खोज रहा था। इसके बाद पुलिस ने चंदन से सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या की बाद स्वीकार कर ली। बताया कि उसके पिता को अचानक थरथराने की बिमारी है। उसकी मां और उसे भी कोई न कोई बिमारी होते रहता था। इस बीत 30 व 31 अक्टूबर को लगातार उसकी गाड़ी से दो दिन हादसे हुए, जिसमें बकरी की मौत होने पर उसे मुआवजा भी देना पड़ा। इससे वह मानसिक तनाव में था। इसके निवारण के लिए वह बागला की ओझागुणी करने वाली मालती देवी नामक महिला के पास चला गया। महिला ने उसे बताया कि यह नुकसान उसके घर से पास रहने वाली स्वजातीय अंजु देवी के कारण ही हो रहा है। इसके बाद चंदर अपने घर पहुंचा और अंजु देवी की हत्या की योजना बनाने लगा। वह अंजु की गला घोंटकर कुंआ में डाल डालना चाहता था। इसी बीच 24 नवंबर की रात वह बीमारी का बहाना बनाकर अंजु के घर में प्रवेश किया। तब वह घर में अकेली ही थी। इसी बीच अंजु की गोतनी की आवाज सुनकर जल्दबाजी में उसने पहसुल से अंजु का गला रेत कर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि आरोपित चंद्र कुमार द्वारा अपराध स्वीकार करने के उसे गिरप्तार कर लिया गया। साथ ही ओझा गुनी करने वाली महिला मालती देवी (60) को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# चौकीदार नियुक्तिः 30 को होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

## अभ्यर्थी व ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मी के अलावे कोई बाहरी प्रवेश ना करे : डीसी

**डीसी ने तैयारी को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक**
**- पूरी प्रक्रिया की होगी वीडियोग्राफी, ड्रोन से रखी जायेगी नजर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में चौकीदारी नियुक्ति के लिए शारीरिक दक्षता की परीक्षा 30 नवंबर को मेदिनीनगर के चियांकि हवाई अड्डा में सुबह 7 बजे से होनी है। इस आयोजन को निष्पक्ष एवं स्वच्छ रूप से संपादित करने को लेकर डीसी सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। जिसमें डीसी ने नगर आयुक्त को पूरे आयोजन को निष्पक्ष रूप से आयोजित कराने को लेकर कई निर्देश दिये। डीसी ने कहा कि 30 नवंबर को आयोजन स्थल पर कोई भी बाहरी व्यक्ति की मौजूदगी नहीं होनी चाहिए। साथ ही आयोजन स्थल पर दौड़ में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड के अलावे कोई एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने पूरे प्रक्रिया की नॉनस्टॉप वीडियोग्राफी कराने की बात कही। बतातें चलें कि 30 नवंबर को होने वाले शारीरिक दक्षता परीक्षा को लेकर अभ्यार्थियों के दौड़ने को लेकर अलग-अलग ट्रैक बनाया जायेगा। इस दौरान जगह-जगह विडियोग्राफी की व्यवस्था रहेगी। स्टॉप वाच के माध्यम से दौड़ की अवधि को कैलक्यूलेट किया जायेगा। वहीं, ड्रोन से निगरानी भी रखी जायेगी। विधि-व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों व विभिन्न कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गयी। मौके पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता आदि मौजूद रहे।

## महात्मा ज्योतिबा फूले ने समाज की कुप्रथाओं को खत्म करने के लिए काम किया: बीडी प्रसाद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव उर्फ बीडी प्रसाद ने प्रमंडलीय कार्यालय दो नंबर टाउन में क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ द्वीप प्रज्वलित कर पुण्य तिथि मनाया। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले का मुख्य उद्देश्य समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के अधिकार को बढ़ावा देना था। उन्होंने भारतीय समाज की संरचना को चुनौती दी, जहां जाति और वर्ग के आधार पर भेदभाव होता था। उन्होंने अपने जीवन को उन लोगों के उत्थान के लिए समर्पित किया, जिन्हें समाज ने लंबे समय तक दबी हुई आवाजों के रूप में देखा। वे समाज की कुप्रथा, अंधश्रद्धा की जाल से समाज को मुक्त करना चाहते थे। अपना संपूर्ण जीवन उन्होंने स्त्रियों को शिक्षा व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में व्यतीत किया। 19वीं सदी में स्त्रियों को शिक्षा नहीं दी जाती थी। वे महिलाओं को स्त्री-पुरुष भेदभाव से बचाना चाहते थे। उन्होंने 'दलित' शब्द का पहली बार इस्तेमाल किया था।इस मौके पर गोकुल बसंत, गिरजानंद प्रसाद, बिहारी साव और दीपक गुप्ता आदि मौजूद थे।

## भैंस लेकर जा रहे कंटेनर को पुलिस ने पकड़ा

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वरीय पदाधिकारी से मिली सूचना के आधार पर एनएच 98 कउवल-उदयगढ़ मोड बाईपास के पास बुधवार की रात में पुलिस पदाधिकारी शिवनाथ हरिजन ने साथ वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी बीच देर रात दो बजे नावबाजार की तरफ से आ रहे कंटेनर को देख पुलिस ने रुकने का इशारा किया, पर चालक पुलिस को देखते ही वाहन तेजी से भगाने लगा। इस पर पुलिस ने कंटेनर का पीछा कर दीनादाग के पास एनएच 98 पर रोक लिया। हालांकि चालक-खलासी अंधेरे का लाभ उठाकर वहां से भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें से 24 भैंस व 12 भैंसा बरामद हुआ, जबकि दो की मौत हो गयी थी। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कंटेनर मालिक एवं चालक-सहयोगी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION,**
**ADVANCE PLANNING,**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 403,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-18/2024-25
2nd Call
e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/18/2024-25 Date:-27.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required as per latest guidelines for Bheldangal to Binda Pathar Road via Madhawa at Jamtara in the state of Jharkhand. *Empanelled consulant with RCD under categoryI vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 07.250 km |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Perothen Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 29.11.2024,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 07.12.2024 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 07.12.2024 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 09.12.2024 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation DivisionAdvance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677. |
| 13 | PR. No. | 336896 Road (24-25)#D |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.
Sd./-
(Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi
PR.NO.340623 Road Construction Dept Road Division Ranchi(24-25):D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई0 पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
अति अल्पकालीन ई0 पुर्ननिविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 03/2024-25(2nd call)
पत्रांक– 717 लातेहार/दिनांक–27.11.2024

| क0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, सेन्हा का चाहरदिवारी निर्माण, पंचायत–लाधुप, प्रखंड–चन्दवा, जिला–लातेहार। | 12.255 | 3 माह | |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | | 02.12.2024 | | |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 09.12.2024 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 09.12.2024 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | | 10.12.2024 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 | | |
| 7 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार
PR 340604 Water Resource(24-25).D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई0 पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना।
अति अल्पकालीन ई0 पुर्ननिविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 05/2024-25(2nd call)
पत्रांक– 719 लातेहार/दिनांक–27.11.2024

| क0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, हुरमुण्डाटोली का चाहरदिवारी निर्माण, पंचायत–नेतरहाट, प्रखंड–महुआडाड़, जिला–लातेहार | 8.837 | 3 माह | |
| | 02 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बाल निकेतन का चाहरदिवारी निर्माण, पंचायत–नेतरहाट, प्रखंड– महुआडाड़, जिला–लातेहार | 8.754 | 3 माह | |
| | 03 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, पसेरीपाठ का चाहरदिवारी निर्माण, पंचायत–नेतरहाट ,प्रखंड–महुआडाड़, जिला–लातेहार | 10.238 | 3 माह | |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | | 02.12.2024 | | |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 09.12.2024 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 09.12.2024 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | | 10.12.2024 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 | | |
| 7 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।
PR.NO.340605 Water Resource(24-25):D


## आयुक्त ने किया राजकीय अनुसूचित जाति बालिका आवासीय प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण

# हॉस्टल में गंदगी, फटी चादर-तकिया और कूड़ा देख जतायी नाराजगी

**- मच्छरदानी से लेकर बेड-बिछावन एवं रसोईघर तक का किया अवलोकन**
**- कमियों-खामियों को तत्काल दूर करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



छात्राओं के कक्ष का निरीक्षण करते प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा।

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने गुरुवार को नीलांबर-पीतांबरपुर स्थित राजकीय अनुसूचित जाति बालिका आवासीय प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के वर्ग कक्ष, विश्राम/शयन (हॉस्टल) कक्ष, भोजन करने का स्थान, रसोईघर, शौचालय, पेयजल एवं विद्यालय में उपलब्ध अन्य मूलभूत सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने वर्ग कक्ष में अध्यनरत छात्राओं से बात कर खाने की व्यवस्था, पाठ सामग्री, स्टेशनरी-स्कूल कीट की उपलब्धता, छात्राओं की पढ़ाई सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। वर्ग कक्ष का अवलोकन करते हुए वहां अध्यनरत छात्राओं से कई सवाल भी पूछे। उनकी पुस्तक एवं कॉपियों का अवलोकन कर उन्हें मिल रही शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन किया। साथ ही छात्राओं को विद्यालय की ओर से दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। आयुक्त ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल इंसान बनने की शुभकामनाएं दी। वहीं कार्यरत शिक्षक- शिक्षिकाओं को रचनात्मक एवं प्रयोगात्मक तरीके से पढ़ाने का निर्देश दिया। आयुक्त ने विद्यालय में छात्राओं को मिलने वाले भोजन एवं आवासन/विश्राम कक्ष का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। भंडार कक्ष में रखे चावल आदि खाद्य सामग्री की भी जांच की। छात्राओं के आवासन वाले कमरों में वेस्ट मटेरियल रखे होने और बिना कवर के तकिया व गंदे एवं फटे बिछावन, विद्यालय के मुख्य द्वार पर पड़े कचरे एवं मुख्य द्वार पर अनावश्यक तरीके से वाहनों को पार्क कर गेट को जाम किये जाने आदि समस्याओं को देख नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कूड़े का निस्तारण कर साफ रखने और शौचालय एवं विद्यालय परिसर की नियमित सफाई करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने छात्राओं की स्वच्छता एवं पढ़ाई की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के साथ ही शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने सहित कमियों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। लगे हाथ विद्यालय की खामियों एवं कमियों को तत्काल दूर करने का सख्त निर्देश दिया। बतातें चलें कि विद्यालय में 99 छात्राएं नामांकित हैं, जबकि निरीक्षण के दौरान 76 छात्राएं ही उपस्थित पायी गयी। छात्राओं के अनुपस्थिति का कारण पूछे जाने पर शिक्षकों ने बताया कि छुट्टी में गयीं छात्राएं नहीं लौटी हैं। इसपर आयुक्त ने अनुपस्थित छात्राओं के अभिभावकों से पत्राचार कर उन्हें बुलवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रत्येक दिन के लिए निर्धारित मेन्यू के अनुसार नास्ता एवं पौष्टिक भोजन दिये जाने का निर्देश दिया। छात्राओं को आवश्यक रूप से मच्छरदानी में सोने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को किसी तरह की समस्याएं नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर आयुक्त के सचिव सह उपनिदेशक कल्याण विजय वर्मा भी उपस्थित थे।

# श्याम बाबा के दरबार में मत्था टेक रागिनी सिंह ने लिया आशीर्वाद



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया में श्री श्याम बाबा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुवार को चूड़ी पट्टी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुवार की सुबह सात बजे पंडित गोपाल पांडे ने प्रभु श्याम एवं पंच देवता, अखंड ज्योत प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कराया। इस दौरान बाबा श्याम जी के भक्तों ने केक भी काटा। पूजा समिति की ओर से भंडारा भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान झरिया विधायक रागिनी सिंह भी जन्मोत्सव में शामिल हुई और श्याम प्रभु के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वहीं, पूजा समिति एवं स्थानीय लोगों ने नवनिर्वाचित झरिया विधायक को बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक रागिनी सिंह ने श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरित किया।

# आइआइटी-आइएसएम से उत्तराखंड की सांस्कृतिक और शैक्षिक यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड के विभिन्न जिलों के 45 विद्यार्थियों की एक टीम को युवा संगम (चरण-वी) उत्तराखंड की सांस्कृतिक और शैक्षिक यात्रा के लिए चुना गया है। प्रो सुकुमार मिश्रा के नेतृत्व में आइआइटी (आइएसएम) धनबाद की स्वर्ण जयंती व्याख्यान कक्ष में सम्मानित संकाय और कर्मचारियों की उपस्थिति में एक समारोह आयोजित कर इन युवाओं को सम्मानित किया गया। इसके बाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। संकाय सदस्यों और कर्मचारियों सहित छह समन्वयकों के साथ, चयनित छात्र उत्तराखंड के प्राकृतिक परिदृश्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का पता लगाने के लिए एक यात्रा शुरू करेंगे। इसमें भगवानपुर, सिडकुल, हरिद्वार, ऋषिकेश, पतंजलि गांव, कोटद्वार, लैंसडाउन और देहरादून जैसे उल्लेखनीय स्थानों की यात्राएं शामिल हैं। हरि झंडी दिखाने के दौरान प्रो सुकुमार मिश्रा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर जोर दिया। कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को देश भर में विविध परिदृश्यों की संस्कृति और परंपराओं को समझने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा राष्ट्र की ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं और देश के विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी लेते हैं। प्रो मिश्रा ने छात्रों से अपनी यात्रा के दौरान स्थानीय संस्कृति और भाषा से पूरी तरह से जुड़ने का आग्रह किया। वहीं, आइआइटी (आइएसएम) धनबाद में गणित और कम्प्यूटिंग विभाग के प्रो संजीव आनंद साहू और युवा संगम चरण 5 के झारखंड समन्वयक ने कहा कि चयनित छात्र भाग्यशाली हैं कि उन्हें उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं में खुद को विसर्जित करने का अवसर मिला है। इस दौरान डीन ऑफ एकेडेमिक्स प्रो एमके सिंह, डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो एसके कुमार और आइआइटी-आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडे ने कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने चयनित छात्रों को मान्यता के प्रतीक के रूप में टोपी देकर सम्मानित किया। उक्त दल गुरुवार को धनबाद से ट्रेन से रवाना हुआ। इस यात्रा में 30 नवंबर को भगवानपुर और सिडकुल की औद्योगिक यात्रा शामिल होगी। इसके बाद एक दिसंबर को पतंजलि गांव की यात्रा सहित हरिद्वार और ऋषिकेश के आध्यात्मिक शहरों की खोज की जाएगी। दो दिसंबर को यह समूह कोटद्वार और लैंसडाउन का दौरा करेगा, सिद्धबली मंदिर और तारकेश्वर धाम जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा करेगा। यात्रा का समापन तीन दिसंबर को देहरादून में होगा और धनबाद की वापसी पांच दिसंबर को होगी।

# बीपीएल कोटे में धांधली-भ्रष्टाचार के खिलाफ 2 दिसंबर से भूख हड़ताल : तारकेश्वर तिवारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीपीएल कोटे में धांधली व भ्रष्टाचार के खिलाफ आगामी दो दिसंबर से रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगें। उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री तारकेश्वर तिवारी ने डीसी को लिखे एक पत्र के माध्यम से कही है। उन्होंने कहा कि बीपीएल कोटे के तहत प्रतीक्षा सूची सार्वजनिक नहीं की गयी है। जिस कारण गरीब बच्चों का नामांकन के लिए समय सीमा समाप्त होते जा रहा है। यह योजना केंद्र सरकार की है जिसे असफल करने में यहां के डीएसई लगे हुए हैं। लगभग 150 आपत्ती आवेदनों को बोरी में भरकर फेंक दिया गया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले बच्चों को शिक्षा से दूर करना एवं उन बच्चों के भविष्य को अंधकार में रखने की मंशा के खिलाफ दो दिसंबर को रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगें। आवेदन में यह भी जिक्र है कि कई ऐसे स्कूल हैं, जिसमें अंदर ही अंदर स्कूलों की सीट भी भरी जा रही है जिसको सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। सरस्वती विद्या मंदिर सीनिडीह, जीतपूर अकादमी, बालिका विद्या मंदिर झरिया, डीएवी मॉडल स्कूल डीगवाडिह, डीएवी स्कूल महुदा, डीएवी स्कूल अलकुशा, आईएसएल झरिया, आईएसएल सुदामडीह, सिंदरी डीएवी स्कूल, टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा सहित करीब 20 से भी अधिक स्कूली की सूची सहित आवेदन डीसी एवं डीएसई को दिए गए हैं। लेकिन आज तक इन आवेदनों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आरटीआई के तहत भी सूचना मांगी गई। पर आज तक पदाधिकारियों ने कोई जानकारी नहीं दी। तारकेश्वर तिवारी ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, झारखंड के राज्यपाल, सांसद, विधायक, धनबाद डीएसई, अनुमंडल पदाधिकारी और थाना प्रभारी को भी एक-एक प्रतिलिपि भेजी है।

# 'सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुभारंभ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल-4 में दो दिवसीय 'सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुभारंभ गुरुवार से हुआ। इसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के 21 अधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) एस सरतपे और विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) डीआर टोप्पो उपस्थित रहीं। ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के एसकेडी भौमिक, कनिय प्रबंधक ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। वहीं, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) एस सरतपे ने कार्यक्रम की औपचारिक उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई।

# खान अधिकारी ने सीओ और स्थानीय पुलिस की कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**महुदा।** रेत माफियाओं के हौसले सातवें आसमान पर पहुंचा हुआ है। उनके बढ़ते प्रभाव से महुदा थाना क्षेत्र स्थित दामोदर नदी के तेलमोचो एवं डोंगा नदी घाट बुरे दौर से गुजर रहा है। धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग के तेलमोचो दामोदर ब्रिज के पास महुदा पुलिस चेकपोस्ट हैं। जहां से महज कुछ कदम के फासले पर दोनों घाटो से दिनदहाड़े भारी मात्रा में रेत की चोरी की जा रही है। तस्कर बैखौफ होकर ट्रैक्टरों से रेत की ढुलाई दिन-रात कर रहे है। **आजाद सिपाही** संवाददाता जब मौके पर पहुंचे तो नदी से रेत निकालने कई गाड़ियां लगी पायी गयी। वहां रेत माफिया के कई गुर्गे सुरक्षा में तैनात थे। जो हर आने जाने वालों की निगरानी कर रहे थे। इनके हौसले इतने बुलंद हैं कि वे लोग लोग किसी के भी साथ मारपीट करने से कतराते नहीं हैं। जानकारी के मुताबिक, रेत माफिया रेत की चोरी कर अपने डंपिग सेंटर में भी डंप कर रहे, जिसे बाद में ऊंची दर पर कंपनियों को बेच कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। इससे सरकारी कजाने को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। हैरत की बात तो यह है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। जिला प्रशासन भी इन माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। राज्य की जीवन रेखा कही जाने वाली दामोदर नदी का सीना अवैध रेत माफिया खाली करते जा रहे हैं। वहीं माइनिंग विभाग के अधिकारी इससे अनजान बने हुए हैं। इधर, मामले को लेकर खनन अधिकारी विनोद प्रामाणिक ने चिंता जाहिर करते हुए शख्त कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि रेत खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर टास्कफोर्स का भी गठन किया गया हैं, इसकी जिम्मेवारी क्षेत्रीय अंचलाधिकारी के साथ स्थानीय थाने को भी दी गयी हैं। इसके बावजूद अगर कोताही बरती जा रही है, तो वे कुद कार्रवाई करेंगे। दूसरी ओर, बाघमारा सीओ ने इससे अनजान होने की बात कही। बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य : गौतम

## कहा, डीसी से लेकर पंचायत सचिव तक को मिली जिम्मेवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




संवाददाता सम्मेलन कर जानकारी देते गौतम सागर व अन्य।

**कसमार/जैनोमोड़।** बाल विवाह रोकथाम पर कार्य कर रही गैर सरकारी संस्था 'सहयोगिनी' के निदेशक गौतम सागर ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि देश से बाल विवाह के समाप्ति के लिए भारत सरकार 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरूआत 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन से किया है। जिसमें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल थीं। उन्होंने पंचायतों और स्कूलों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही शपथ लेने वालों की संख्या 25 करोड़ तक पहुंच जाएगी। गौतम सागर ने बताया कि बाल विवाहों की सूचना व शिकायत के लिए राष्ट्रीय पोर्टल भी शुरू किया गया। बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी सदस्य है। बोकारो जिला में जगह-जगह हुए कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा व आंगनवाड़ी कर्मी, शिक्षक, बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) के अलावा बाल विवाह पीड़िताओं ने भी भागीदारी हुई। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया अभियान इस बात का सबूत है कि सरकार इस सामाजिक बुराई की गंभीरता से अवगत है। आज भी देश में 23 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियों का बाल विवाह होता है जो न सिर्फ जीवन साथी चुनने के उनके अधिकार का हनन है बल्कि इससे लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ रोजगार और आर्थिक निर्भरता की उनकी संभावनाओं पर भी बेहद खराब असर होता है। सरकार की योजना इस अभियान में सभी हितधारकों को साथ लेकर चलने की है और 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का सहयोगी संगठन होने के नाते हम इसमें पूरी तरह साथ हैं। अब हमें विश्वास है कि सरकार-नागरिक समाज के साझा प्रयासों से भारत 2030 से पहले ही बाल विवाह के खात्में के लक्ष्य को हासिल कर सकता है। इसस कार्य में अब डीसी, डीडीसी, एसडीओ, बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ, पंचायत सचिव आदि को भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# सरकार से शहीद शक्तिनाथ महतो की जीवनी को पाठ्य पुस्कत में शामिल करने की मांग

## विधायक शत्रुघ्न महतो और जयराम महतो ने दी श्रद्धांजलि



**47वें शहादत दिवस पर सिजुआ, तेतुलमुड़ी एवं तेतुलमारी में याद किये गये शहीद शक्तिनाथ महतो**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिजुआ/तेतुलमारी।** झारखंड के वीर सपूत व क्रांतिदूत शहीद शक्तिनाथ महतो का 47वां शहादत दिवस गुरुवार को टाटा सिजुआ 12 नंबर (आजाद सिजुआ) स्थित समाधि स्थल, तेतुलमुड़ी स्थित जन्मभूमि और तेतुलमारी के शक्ति चौक में मनायी गयी। इस दौरान स्वजनों, विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों और छात्र-छात्राओं सहित समाज के बुद्धिजीवियों ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शहीद की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। सर्वप्रथम शहीद की पत्नी सूची देवी के पुत्र मनोज कुमार व पुत्री अंजना देवी ने संयुक्त रूप से शहीद शक्तिनाथ महतो की आदमकद प्रतिमा को पंचामृत और गंगाजल से नहला कर नम आंखों से माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पुत्र मनोज कुमार ने लाल-हरा मैत्री संघ का झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर शक्ति शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं ने शहीदी गीत प्रस्तुत किया। उधर, प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, विधायक जयराम महतो, शहीद के भाई सुरेश महतो, भतीजा निवर्तमान पार्षद धर्मेंद्र महतो, अनिल महतो, जीप अध्यक्ष शारदा सिंह, तारा देवी, तेतुलमारी थाना प्रभारी सतेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, रमेश टुडू, जिला परिषद सदस्य इसराफिल उर्फ लाला, स्मारक समिति के शिव प्रसाद महतो, लोकनाथ महतो, सपन पंडित, गोतम कुमार महतो, प्रफुल मंडल, जवाहर रवानी, दिनेश महतो, दशरथ कुम्हार और मुक्तेश्वर महतो आदि ने भी माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं, अपने संबोधन में जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने सरकार से मांग की कि झारखंड के पाठ्य पुस्तक में शहीद की जीवनी को शामिल किया जाय, ताकि आने वाली पीढ़ी की शहीद शक्तिनाथ महतो की जीवनके बारे में जानकारी मिल सके।

# डॉ लंबोदर महतो से मिले गोमिया स्वर्णकार समाज के लोग, कहा साथ थे और हमेशा रहेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गोमिया।** विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद डॉ लंबोदर महतो क्षेत्र की जनता के बीच अपना संपर्क और संवाद जारी रके हुए है। लोगों के विचारों को सुन व समझ कर अपनी सक्रियता आम जनों के बीच बढ़ा दी है। इसी क्रम में गुरुवार को गोमिया में गोमिया स्वर्णकार समाज के लोगों ने डॉ लंबोदर महतो से मिलकर अपना सहयोग व समर्थन व्यक्त किया है। साथ ही सुख-दुख में सदैव साथ खड़ा रहने की अपनी वचनबद्धता दोहराते हुए कहा कि वे लोग उनके साथ थे और हमेशा रहेंगे।

पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो से मिलने वालों में गोमिया स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अंतु स्वर्णकार, सचिव धीरज स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष दिलीप स्वर्ण कार, उपाध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, संगठन मंत्री संदीप स्वर्णकार, प्रभु स्वर्णकार, सीता राम ठाकुर, दिनेश स्वर्ण कार, फागू स्वर्णकार, आदित्य स्वर्ण कार, नारायण स्वर्णकार, विजय स्वर्णकार, उदय स्वर्णकार, सुखदेव स्वर्णकार व सहदेव स्वर्णकार आदि शामिल थे।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**समाज कल्याण शाखा (बाल-संरक्षण)**

**आम सूचना**




बाल कल्याण समिति, कोडरमा के कार्यालय पत्रांक –625/बा0क0स0, दिनांक –26.11.2024 के आलोक में गुमशुदा बालक सलमान खान, उम्र–10 वर्ष, पिता–नन्हे खान, माता–मरियम खातुन पता– ईदगाह मैदान, थाना+पोस्ट+जिला–नामालूम को राजकिय रेल थाना, कोडरमा द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् बाल कल्याण समिति कोडरमा के निदेशानुसार उक्त बालक को जन जागरण केन्द्र, बरही, हजारीबाग में आवासीत कराया गया है। बालक कि विवरणी निम्नवत् है :–

बालक का नामः– सलमान खान,
माता–मरियम खातुन
पिता– नन्हे खान
पता– ईदगाह मैदान,
थाना+पोस्ट+जिला–नामालूम
उम्र–10 वर्ष, रंग–गोरा,
वजन–30 कि0ग्रा0, ऊँचाई–4'.5"

अतः उक्त बालक के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो अथवा बालक के जैविक माता–पिता /विधिक संरक्षक/अभिभावक दावा हेतु उचित साक्ष्य के साथ बाल कल्याण समिति, कोडरमा/जिला बाल संरक्षण इकाई, समाहारणालय परिसर, कोडरमा झारखण्ड कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

संपर्क नं0:–
बाल कल्याण समिति, कोडरमा।
8340552130/9006640523/7061514121/7050720832/7717705479
जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा।
9234203438/9608145888/8210881013

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 340669 Women, Child Development & Social Security(24-25).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Very Short e-Procurement Notice(2nd Call)**
**Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 48 /2024-25 Date:-27-11-2024**

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Strong Room and Counting Hall Located in the Campus of Agriculture Marketing Yard to Lok Sabha Election-2024 at Hazaribag | 1677000/- | 34000/- | 5000/- | 15 day |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 30-11-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 06-12-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | **06546-225723** |

***Further details and subsequent amendments can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division,** Hazaribag

PR 340637 (Building) 24-25 (D)



**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
**Email:- nphussainabad@gmail.com**

ज्ञापांक————/दिंनाक————

**आम सूचना**

अपर अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य निदेशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 328, दिनांक– 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले पूर्व में Urban Health and Welness Center/आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक– 12.12.2024 को नगर पंचायत हुसैनाबाद में अपराहन 01:00 बजे साक्षात्कार/Walk-In-Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक चिकत्सक जो निम्नलिखित अहर्ता रखते हों, वे अपना Bio- Data उसी दिन पूर्वाहन 11:00 बजे कार्यालय में जमा कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्रम सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 2 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 3 | उम्र सीमा | अधिक्तम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा। |
| 4 | मानदेय | रु0 63000/– (तिरसठ हजार रुपये मात्र) |
| 5 | कुल रिक्तियां | 02 (दो पद) |
| 6 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 7 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगी। | |
| 8 | Walk-In-Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 9 | कार्यदिवस झारखण्ड सरकार के द्वारा मान्य सभी कार्य दिवस | |

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 340666 District(24-25).D



**Govt. of Jharkhand**
**Office Of the Executive Officer Nagar Panchayat Manjhiaon**

**Notice Inviting Tender**
**Very Short e- tender notice no. : 12 /2024-25 (2nd Call) Dated : 28.11.2024**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion | Head |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | UDHD/ NPM/ 12/01/24-25 | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM MAIN ROAD (MUSHAR TOLA) TOWARDS PLAYING FIELD LAKARAHI , UNDER NAGAR PANCHAYAT MANJHIAON IN WARD NO - 12 | 2460900.00 | 49500.00 | 5000.00 | 90 Days | शहरी परिवहन |
| 02 | UDHD/ NPM/ 12/02/24-25 | CONSTRUCTION OF GHAT AT BAKOIA GHAT , NEAR KOYAL RIVER IN WARD NO - 08, UNDER NAGAR PANCHAYAT MANJHIAON | 2446400.00 | 49000.00 | 5000.00 | 90 Days | 15th FC |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money .
➤ Period of availability of tenders online \date & ti me bidding on -line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender online for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer ,Nagar Panchayat Manjhiaon | Office of Executive officer , Nagar Panchayat Manjhiaon | From Date-02.12.2024 Time 05:00 P.M | To Date- 12.12.2024 Time 5:00 P.M. | **Date 14.12.2024** Time 04:00 P.M |

**Note :** 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 7488858091, 8521156090
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

**Executive Officer,**
**Nagar Panchayat Manjhiaon**

**PR 340680 Urban Development(24-25)#D**

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 29 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# अखिल भारतीय डीजी और आइजी सम्मेलन आज से

## खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू ने डीजीपी सम्मेलन को बाधित करने की धमकी दी

- पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत 90 डीजीपी-आइजीपी सम्मेलन में भाग लेंगे
- सम्मेलन के लिए कड़ी सुरक्षा, पूरे भुवनेश्वर को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया






आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने शुक्रवार से शुरू होने वाले डीजीपी - आइजीपी सम्मेलन को बाधित करने की धमकी दी है। पन्नू ने एक वीडियो संदेश में धमकी जारी की। पुलिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं, जबकि पन्नू के धमकी भरे संदेश को लेकर राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

पन्नू ने गुरुवार को वीडियो संदेश जारी किया। वीडियो में उन्होंने कहा, "यह डीजीपी कॉन्फ्रेंस हिंदुत्व की विचारधारा के तहत हो रही है।" खालिस्तान सिख समर्थकों, कश्मीरी योद्धा, आतंकवादियों और उग्रवादियों को मारने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी-शाह-डोभाल भुवनेश्वर के लिए बड़ा खतरा पैदा कर रहे हैं।

पन्नू ने सम्मेलन को बाधित करने के लिए खालिस्तानियों को भेष बदल कर आने और भुवनेश्वर के मंदिरों और होटलों में छिपने के लिए बुलाया। हालांकि डीजीपी वाइबी खुरानिया ने कहा कि किसी भी तरह की घटना से बचने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।

अखिल भारतीय डीजी और आइजी सम्मेलन शुक्रवार से भुवनेश्वर में शुरू होगा। इसका उद्घाटन अमित शाह करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राष्ट्रीय सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल होंगे। कुल 90 डीजीपी-आइजीपी इस सम्मेलन भाग लेंगे। वे गुरुवार कोभुवनेश्वर पहुंचे। अमित शाह और नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पहुंचेंगे। करीब 300 अधिकारी 3 दिनों तक भुवनेश्वर के अलग-अलग जगहों पर रहेंगे। सम्मेलन के लिए पूरे शहर में कड़ी सुरक्षा किया गया। एयरपोर्ट, लोक सेवा भवन, राजभवन, स्टेट गेस्ट हाउस समेत शहर के महत्वपूर्ण स्थान पुलिस की निगरानी में रहेंगे। पूरे भुवनेश्वर को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है।

कमिश्नरेट पुलिस द्वारा एयरपोर्ट, लोक सेवा भवन, राज्य गेस्ट हाउस, राजभवन, मैत्रीविहार, आइपीएस मेस और चंद्रशेखरपुर इलाकों को नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। भुवनेश्वर की सुरक्षा के लिए लगभग 85 प्लाटून की फोर्स तैनात किया गया है। हवाई अड्डे, अतिथि आवास और लोक सेवा भवन सम्मेलन कक्षों के पास सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है।

# महानदी में बनाये जायेंगे नये जलाशय और बैराज : सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** महानदी में कई जलाशयों और बैराजों का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने गुरुवार को विधानसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने कहा कि नयी परियोजना के लिए सर्वेक्षण और अनुसंधान कार्य प्रगति पर है। परियोजना के लिए विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के साथ डेटा साझा किया जा रहा है। कुछ परियोजनाओं पर काम शुरू करने के लिए मुख्य अभियंताओं को डिजाइन सौंपे गये हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ ने महानदी के ऊपरी हिस्से पर बड़ी संख्या में बैराज बनाये हैं। तब से ओड़िशा की जीवन रेखा कही जाने वाली महानदी साल के अधिकांश समय सूख रही है। इसलिए सरकार ने ओड़िशा में महानदी बेसिन में बैराज बनाने की योजना बनायी है।




### संसद में पहला दिनः 'कसावु' साड़ी पहनकर पहुंचीं

# संविधान की कॉपी लेकर प्रियंका गांधी ने शपथ ली

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केरल के वायनाड से चुनाव जीतकर प्रियंका गांधी गुरुवार को पहली बार लोकसभा पहुंचीं। उन्हें सांसद पद की शपथ दिलायी गयी। प्रियंका ने हिंदी में शपथ ली। इस दौरान उन्होंने राहुल की तरह हाथ में संविधान की कॉपी पकड़ी हुई थी।

**राहुल ने कहा- लेट मी टेक योर फोटो :** प्रियंका जब संसद पहुंचीं, तो कांग्रेस नेताओं ने बाहर ही उनका स्वागत किया। सदन में एंट्री से पहले भाई राहुल ने उन्हें रोका और कहा- स्टॉप, स्टॉप, स्टॉप... लेट मी ऑलसो टेक योर फोटो... (रुको, रुको, रुको... मुझे भी तुम्हारी फोटो लेने दो...)₹

संसद में प्रियंका ने संविधान की कॉपी हाथ में लेकर हिंदी में शपथ ली। प्रियंका के सांसद बनने पर मां सोनिया गांधी ने कहा, वी आर ऑल वेरी हैप्पी एंड प्राउड... (हमें गर्व है और हम सब बेहद खुश हैं...)। प्रियंका संसद में केरल की प्रसिद्ध 'कसावु' साड़ी पहन कर पहुंची थीं। संसद में राहुल और सोनिया के साथ प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद थे। शपथ के बाद प्रियंका ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का आशीर्वाद लिया।

संसद में पहली बार गांधी परिवार के 3 सदस्य मौजूद हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल यूपी के रायबरेली से और प्रियंका केरल के वायनाड से सांसद हैं। जबकि सोनिया राजस्थान से राज्यसभा सदस्य हैं।

# बुर्ला भीमसर से बच्चा चोरी करनेवाली महिला गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** संबलपुर बुर्ला भीमसर मेडिकल से चोरी हुआ बच्चा दो दिन बाद पुलिस ने गणेश नगर रेंगाली से बरामद कर लिया है। बच्चे को चुराने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। राज्य से बाहर तस्करी करते समय पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा। भीमसर के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग से बच्चा चोरी हुआ था।

जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के सराइपाली इलाके की एक महिला को बुर्ला भीमसर के स्त्री रोग और प्रसूति विभाग में भर्ती कराया गया था। उनके यहां एक शिशु पुत्र का जन्म हुआ। महिला के साथ नवजात शिशु की मौसी भी आयी थी। हालांकि संबलपुर इलाके की एक महिला ने बच्चे की मौसी से बात करके उसके साथ संबंध बना लिया था। बाद में जब बच्चा रो रहा था, तब संबलपुर बाली महिला ने बच्चे को अपनी गोद में ले लिया और धीरे-धीरे बाहर चली गयी। काफी देर तक जब महिला वापस नहीं लौटी, तो परिवार वालों ने तुरंत बुर्ला थाने में शिकायत दर्ज करायी। इस मौके पर पहुंची पुलिस ने सबसे पहले सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के दौरान पता चला कि महिला बच्चे को लेकर भाग रही थी।

## ओड़िया उत्कर्ष केंद्र के परियोजना निदेशक ने सोआ के संस्थापक अध्यक्ष से मुलाकात की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िया उत्कर्ष केंद्र के परियोजना निदेशक प्रो बसंत कुमार पंडा ने गुरुवार को यहां शिक्षा और अनुसंधान के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोज रंजन नायक के साथ शिष्टाचार भेंट की। प्रोफेसर पंडा ने ओड़िशा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की आवश्यकता को देखते हुए सोआ की ओर से एक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की संभावना के बारे में प्रोफेसर (डॉ) नायक के साथ प्रारंभिक चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने प्रो (डॉ) नायक को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया तथा उन्हें 'नरेंद्र नंदनिका' पुस्तक उपहार में दी। चर्चा के दौरान सोआ के अंतरराष्ट्रीय संबंध और विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम के निदेशक प्रोफेसर नचिकेता के शर्मा उपस्थित थे।

# किसानों को हर हाल में मिले गुणवत्तापूर्ण खाद बीज और कीटनाशक : शिवराज सिंह चौहान

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश के किसानों को हर हाल में अच्छी गुणवत्ता की खाद, बीज और कीटनाशक मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। श्री चौहान ने अपने मंत्रालय की विभागवार समीक्षा के दौरान इस संबंध में अफसरों को किसानों की व्यापक भलाई के लिए, दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। श्री चौहान ने कहा कि कई राज्यों में ऐसे दोषी लोगों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई प्रभावी नहीं होने वे छूट जाते हैं। इस बारे में वे स्वयं शीघ्र ही राज्य सरकारों से बात करेंगे, ताकि राज्यों के स्तर पर प्रभावी कार्रवाई निरंतर की जाती रहे और जो कोई भी दोषी पाया जायें, उन्हें कड़ी सजा मिल सकें, जिससे कि ऐसे घृणित कृत्य रूक सकें। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश के आम किसानों के हित में वे इस संबंध में किसी भी हालत में सख्त से सख्त कार्रवाई चाहते हैं।

कृषि भवन, नयी दिल्ली में कृषि मंत्रालय की विभागवार समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि कीटनाशक, बीज एवं फर्टिलाइजर किसी भी हालत में किसानों को बेहतर गुणवत्ता के ही मिलना चाहिए। राज्यों में प्रवास के दौरान किसान हमसे शिकायत करते हैं कि उन्हें कई बार घटिया क्वालिटी के ये आदान मिलते हैं, जिससे उन्हें नुकसान होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नकली या घटिया किस्मों के कीटनाशक, खाद एवं उर्वरकों पर प्रभावी नियंत्रण के ठोस उपाय किये जाना चाहिए।

कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि आगामी फसल सीजन के मद्देनजर भी किसानों को इस संबंध में राहत मिलना चाहिए, इसके लिए वे शीघ्र ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों व मंत्रियों से भी चर्चा करेंगे, क्योंकि मुख्य रूप से इस बारे में राज्यों के स्तर पर ही प्रभावी कार्रवाई की जा सकती है। समीक्षा के दौरान श्री शिवराज सिंह चौहान ने पूछा कि ऐसे नकली आदान बनाने-बेचने वालों पर क्या कार्रवाई हो रही है, तो इस दौरान यह बात सामने आई कि कई राज्यों के स्तर पर जांच-पड़ताल तथा अभियोजन के स्तर पर भी प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अधिकांश दोषी लोग बरी हो जाते हैं या उन्हें बहुत कम दंड मिलता है, जिस पर श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वे मुख्यमंत्रियों व कृषि मंत्रियों से भी इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई करवाने के लिए बात करेंगे, राज्यों में प्रभावी कार्रवाई किसी भी सूरत में की जाना चाहिए। घटिया खाद, बीज व कीटनाशक के मामले में बड़े विक्रेताओं और निर्माताओं पर भी सख्ती से कार्रवाई की जाना चाहिए तथा मौजूदा कानूनों, नियम-प्रक्रियाओं का प्रभावी रूप से उपयोग किया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि कीटनाशकों, खाद एवं उर्वरकों के अच्छी क्वालिटी सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से एक अभियान चलाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे खाद, बीज एवं कीटनाशकों के बारे में संयुक्त अभियान चलाने की कार्ययोजना बना कर अतिशीघ्र प्रस्तुत करें, ताकि इस अभियान को, करोड़ों किसानों के हित में बिना देरी के प्रभावी रूप से देशभर में, राज्य सरकारों के साथ मिलकर संचालित किया जा सकें।













# संरक्षा मोबाइल एप्लीकेशन लांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे ने बुधवार को पूरे देश में संरक्षा मोबाइल एप्लीकेशन लांच करके यात्री संरक्षा की दिशा में एक और कदम उठाया। इस एप्लीकेशन का उद्देश्य भारतीय रेलवे के फ्रंटलाइन संरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के माध्यम से रेल संरक्षा में सुधार करना है। रेलवे बोर्ड के सदस्य परिचालन और व्यवसाय विकास रविंदर गोयल ने बुधवार को सभी मंडल रेल प्रबंधक, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक और भारतीय रेल के सभी मंडलों के अधिकारियों की उपस्थिति में संरक्षा मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया।

इस एप्लीकेशन को 2013 बैच के आइआरटीएस अधिकारी दिलीप सिंह ने डिजाइन किया है, जो वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। इस अवसर पर नागपुर मंडल की डीआरएम नमिता त्रिपाठी ने नागपुर मंडल में पायलट प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन के बारे में बात की और बताया कि यह किस तरह से मंडल में सुरक्षा बढ़ाने में उपयोगी साबित हुआ है। अब रेलवे ने सभी जोनल रेलवे में इस एप को लांच करने का निर्णय लिया है, जिसमें 16 मंडलों को शुरू में रोलआउट के लिए चुना गया है।

यह एप्लीकेशन भारतीय रेलवे के विषय संबंधी ज्ञान को सूचना प्रौद्योगिकी, डेटा एनालिटिक्स और भविष्य में आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस के संभावित लाभ के साथ एकीकृत करता है, ताकि रेलवे कर्मचारियों की प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक बुद्धिमान, प्रभावी और स्केलेबल प्रणाली प्रदान की जा सके। इसमें स्मार्ट लर्निंग और फीडबैक मैकेनिज्म की सुविधा है, जो बहु-स्तरीय, वास्तविक समय फीडबैक और निगरानी को संभव बनाता है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**